www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

**मौसम**

अधिकतम तापमान 28.c

27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**

सोना 102.705g

चांदी 113,000kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

2 चुनौतियों से पार पाने का रास्ता, लाल किले से आत्मनिर्भर भारत का नया रोडमैप

दावा-रूस ने अबतक 21 हजार यूक्रेनी बच्चों को किडनैप किया 04

वर्ष :09 | अंक :57 | मुंबई , सोमवार 18 अगस्त 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### घर में सोए युवक की धारदार हथियार से हत्या

सहारनपुर जिले में नकुड़ थाना क्षेत्र के एक गांव में 25 वर्षीय युवक की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने पीटीआई-को बताया कि थाना नकुड़ क्षेत्र के गांव सांपला बेगमपुर निवासी अंकित (25) का शव रविवार सुबह उसके घर में चारपाई से आधा लटका हुआ मिला। जैन ने बताया कि शनिवार रात अंकित अपने चचेरे भाई अतुल के साथ घर की छत पर सोने गया था और रविवार तड़के करीब चार बजे अंकित का शव नीचे के कमरे में चारपाई से आधा नीचे लटका हुआ मिला। उन्होंने बताया कि अंकित की गर्दन पर धारदार हथियार से वार किया गया था और कमरे के अंदर व बाहर खून बिखरा हुआ था। अंकित के पिता अशोक ने जब अपने बेटे को इस हालत में देखा तो उन्होंने शोर मचाकर परिजनों और पड़ोसियों को इकट्ठा किया, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है कि अंकित छत से नीचे कमरे में कैसे आया और किसने उसकी हत्या की।

### विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला

उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के उभांव थाना क्षेत्र में रविवार को एक विवाहिता का शव कमरे में पंखे से लटका मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, 25 वर्षीय किरन मौर्य का शव शाहपुर अफगा गांव स्थित उसकी ससुराल के घर से रविवार सुबह मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। रसड़ा के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आलोक गुप्ता ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि किरन का लगभग आठ वर्ष पहले सनोज मौर्य से विवाह हुआ था और दोनों के बीच अनबन चल रही थी। सीओ के मुताबिक, पति सनोज ने पुलिस को बताया कि रविवार तड़के करीब चार बजे जब उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि उसकी पत्नी फंदे से लटकी हुई थी। गुप्ता ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# 'हलफनामा दें या देश से माफी मांगे'

## 'वोट चोरी' के आरोपों पर चुनाव आयोग ने दिया जवाब, राहुल गांधी के आरोपों को सिरे से नकारा

**प्रेस कॉन्फ्रेंस**

▶▶चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के 'वोट चोरी' के आरोपों को सिरे से नकारते हुए अपनी निष्पक्षता पर जोर दिया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि आयोग सभी राजनीतिक दलों को समान मानता है और संविधान के अनुसार कार्य करता है। उन्होंने 'वोट चोरी' जैसे शब्दों को संविधान का अपमान बताया।

एजेंसी

नई दिल्लीः चीफ इलेक्शन कमीश्नर ज्ञानेश कुमार ने राहुल गांधी के 'वोट चोरी' के आरोपों के जवाब में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की. इस दौरान उन्होंने कहा कि रकफ की कवायद को लेकर कुछ लोग जनता को गुमराह कर रहे हैं. एसआईआर पर राहुल गांधी के आरोपों पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा, ...या तो हलफनामा देना होगा या देश से माफी मांगनी होगी. कोई तीसरा विकल्प नहीं है. अगर 7 दिनों के अंदर हलफनामा नहीं मिलता है, तो इसका मतलब है कि ये सभी आरोप बेबुनियाद हैं. उन्होंने राहुल गांधी के आरोपों को लेकर कहा, आरोप लगे कि महाराष्ट्र में मतदाता सूची में संख्या बढ़ गई है. जब ड्राफ्ट सूची थी, तो दावे और आपत्तियां समय पर क्यों नहीं जमा की गईं? जब नतीजे आए, तब कहा गया कि ये गलत है. आज तक महाराष्ट्र के मुख्य चुनाव अधिकारी को एक भी मतदाता का नाम प्रमाण के साथ नहीं मिला है. चुनाव हुए आठ महीने हो गए हैं. ज्ञानेश कुमार ने कहा कि ये भी पूछा गया कि आखिरी एक घंटे में इतनी वोटिंग कैसे हुई? चुनाव आयोग ने जवाब दिया था कि अगर 10 घंटे मतदान होता है, तो औसत हर घंटे 10 प्रतिशत होता है... किसी भी बात को 10 बार, 20 बार कहने से वो सच नहीं हो जाता. सूरज सिर्फ.पूर्व में उगता है. किसी के कहने से वो पश्चिम में नहीं उगता.




### बिहार के बाद पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में भी होगा एसआईआर, चुनाव आयोग ने दी जानकारी

**मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि संविधान के अनुसार, केवल भारतीय नागरिक चुनाव लड़ सकते हैं.**

नई दिल्लीः मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को स्पेशल इंटेंसिव रीविजन को लेकर प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने यह संकेत दिया है कि बिहार के बाद पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में भी इसे लागू किया जाएगा. उन्होंने कहा, ...मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि भारत के संविधान के अनुसार, केवल भारतीय नागरिक ही सांसद और विधायक का चुनाव लड़ सकते हैं. दूसरे देशों के लोगों को चुनाव लड़ने का अधिकार नहीं है. अगर ऐसे लोगों ने गणना फॉर्म भरा है, तो रकफ प्रक्रिया के दौरान उन्हें कुछ दस्तावेज जमा करके अपनी राष्ट्रीयता साबित करनी होगी. जांच के बाद उनके नाम हटा दिए जाएंगे. 'पंजीयन अधिकारी को शपथ देनी होगी' उन्होंने कहा, लोक प्रतिनिधि कानून के मुताबिक अगर आप उस निर्वाचन क्षेत्र के

▶▶'एक भी मतदाता का नाम प्रमाण के साथ नहीं मिला

### चुनाव आयोग के कंधे पर बंदूक रखकर राजनीतिः वोट चोरी के आरोप पर चुनाव आयोग का जवाब

नई दिल्लीः मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोप और रकफ को लेकर चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि चुनाव आयोग के कंधे पर बंदूक रखकर भारत के मतदाताओं को निशाना बनाकर राजनीति की जा रही है. उन्होंने कहा, लोकसभा चुनाव प्रक्रिया में एक करोड़ से ज्यादा कर्मचारी, 10 लाख से ज्यादा बूथ लेवल एजेंट और 20 लाख से ज्यादा पोलिंग एजेंट चुनाव के लिए काम करते हैं. इतने सारे लोगों के सामने इतनी पारदर्शी प्रक्रिया में, क्या कोई मतदाता वोट चुरा सकता है?.

### वोटर लिस्ट में सुधार आयोग की कानूनी जिम्मेदारी

उन्होंने कहा, वोटर लिस्ट में सुधार चुनाव से पहले होना चाहिए या बाद में? चुनाव आयोग ऐसा नहीं कह रहा है. जनप्रतिनिधित्व कानून कहता है कि आपको हर चुनाव से पहले वोटर लिस्ट में सुधार करना होगा. यह चुनाव आयोग की कानूनी जिम्मेदारी हैज्ञानेश कुमार ने आगे कहा कि इसके बाद सवाल उठता है कि क्या चुनाव समिति बिहार के सात करोड़ से ज्यादा मतदाताओं तक पहुंच पाएगी? सच तो यह है ।

# बिहार में 'वोट अधिकार यात्रा'

## खुली गाड़ी में राहुल-तेजस्वीःलालू बोले-बीजेपी को उखाड़ फेंकना है, राहुल ने कहा-ये संविधान बचाने की लड़ाई

बिहार से राहुल गांधी ने 'मतदाता अधिकार यात्रा' का बिगुल फूंका, भाजपा पर चुनाव चुराने का बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि वे 'एसआईआर' के बहाने बिहार में वोटों की चोरी नहीं होने देंगे और देश में सच्ची जाति जनगणना सुनिश्चित करेंगे।

एजेंसी

रोहतास , बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रीविजन ( एसआईआर, सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट रीविजन ) के खिलाफ राहुल गांधी की 'वोट अधिकार यात्रा' सासाराम से शुरू हुई। यहां के सुआरा हवाई अड्डा ग्राउंड में हुई जनसभा में राहुल बोले, 'ये संविधान को बचाने की लड़ाई है। पूरे देश में बीजेपी-आरएसएस संविधान को मिटाने पर तुले हैं।' 'जहां भी चुनाव होता है, ये जीतते हैं। महाराष्ट्र में ओपिनियन पोल कह रहे थे, महागठबंधन चुनाव जीतेगा। लोकसभा में महागठबंधन जीतता है, लेकिन 4 महीने में उसी क्षेत्र में हम हारते हैं। हमने पता लगवाया तो पता चला 1 करोड़ नए वोटर जादू से पैदा हो गए।' 'बिहार की जनता वोटों की चोरी नहीं करने देगी क्योंकि गरीब-कमजोर लोगों के पास सिर्फ वोट का हक है। आयोग जो कर रहा है, वो सबको पता है। इलेक्शन कमीशन को हम ये नहीं करने देंगे। नरेंद्र मोदी जी और अरबपतियों के साथ सरकार चलाती है। आप का पूरा धन 5-6 अरबपतियों को दिया जाता है।'कई दिनों बाद किसी जनसभा में शामिल हुए राजद सुप्रीमो लालू यादव ने कहा- 'चोरों को हटाइए, बीजेपी को भगाइए, हमारी पार्टी को जिताइए। किसी भी कीमत पर भाजपा को सत्ता में आने नहीं देना है। राहुल गांधी, तेजस्वी यादव सभी मिलकर बीजेपी को उखाड़कर फेंकिए।' जनता से सीधा संवादः इस यात्रा में राहुल गांधी लगातार गरीबों, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की बात कर रहे हैं. उन्होंने सभा में कहा कि पहले आपका नाम वोटर लिस्ट से हटाया जाएगा, फिर राशन कार्ड और सरकारी सुविधाओं से भी आपको बाहर कर दिया जाएगा. यह गरीब विरोधी साजिश है.



### बिहार में राहुल गांधी की सियासी वापसी की रणनीति

राहुल गांधी की यह यात्रा केवल एक मुद्दा आधारित अभियान नहीं बल्कि राजनीतिक पुनर्स्थापना की एक सोची-समझी रणनीति भी है. 'भारत जोड़ो यात्रा' और 'न्याय यात्रा' के बाद यह राहुल का तीसरा बड़ा राष्ट्रीय अभियान है और इस बार फोकस है बिहार, जहां कांग्रेस की राजनीतिक जमीन पिछले वर्षों में कमजोर पड़ी है.

# संविधान को सिर पर रखकर नाचने वालों ने संविधान को रौंदा

## पीएम मोदी ने किया द्वारका एक्सप्रेसवे का उद्घाटन




'दिल्ली एनसीआर में कम होगा ट्रैफिक': पीएम ने कहा यह अगस्त महीना आजादी और क्रांति के रंगों में रंगा है. आजादी के इस उत्सव के बीच, आज देश की राजधानी दिल्ली, विकास की क्रांति की साक्षी बन रही है.

एजेंसी

नई दिल्ली/चंडीगढ़ः रोहिणी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार 17 अगस्त 2025 को दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया. द्वारका एक्सप्रेसवे के दिल्ली खंड और शहरी विस्तार सड़क-पीएम ने जनता के लिए समर्पित किया. उद्घाटन से पहले पीएम मोदी ने रोड शो भी किया. राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटनः उद्घाटन के बाद पीएम मोदी ने कहा इस एक्सप्रेसवे का नाम द्वारका है, जिस स्थान पर ये कार्यक्रम हो रहा है. वो रोहिणी है. मैं भी द्वारकाधीश की धरती से ताल्लुक रखता हूं. पूरा माहौल बहुत कृष्णमय हो गया है. थोड़ी देर पहले ही दिल्ली को द्वारका एक्सप्रेसवे और अर्बन एक्सटेंशन रोड की कनेक्टिविटी मिली है. इससे दिल्ली, गुरुग्राम, पूरे एनसीआर के लोगों की सुविधा बढ़ेगी. 15 अगस्त को लाल किले से मैंने देश की अर्थव्यवस्था, देश की आत्मनिर्भरता और देश के आत्मविश्वास की बात पूरे विश्वास के साथ कही थी. जब दुनिया भारत को देखती है और उसका मूल्यांकन करती है, तो उसकी पहली नजर हमारी राजधानी दिल्ली पर पड़ती है. इसलिए, हमें दिल्ली को विकास का एक ऐसा मॉडल बनाना है, जहां सभी को लगे कि हां, यह एक विकासशील भारत की राजधानी है.'दिल्ली से कम होंगे कूड़े के पहाड़': प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा अर्बन एक्सटेंशन रोड की एक और विशेषता है, यह दिल्ली को कूड़े के पहाड़ों से मुक्त करने में मदद कर रही है। अर्बन एक्सटेंशन रोड के निर्माण में लाखों टन कचरे का इस्तेमाल किया गया है।

# जम्मू-कश्मीर के कठुआ में बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं में 7 की मौत, 5 घायल, बचाव अभियान जारी

**कठुआ में बादल फटने और भूस्खलन की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आयी.**



एजेंसी

कठुआः जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ के बाद अब कठुआ जिला प्राकृतिक आपदा की चपेट में आया है. रविवार तड़के कठुआ जिले में बादल फटने और भूस्खलन की दो अलग-अलग घटनाओं में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए. बड़े पैमाने पर राहत-बचाव अभियान चलाया गया.बीती रात बादल फटने से एक गांव तबाह हो गया. इसके चलते 7 लोगों की मौत हो गई जबकि 5 अन्य घायल हो गए. प्रशासन की ओर से राहत बचाव अभियान चलाया गया. घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया.जम्मू-कश्मीर के कठुआ में बादल फटने की घटना मृतकों की पहचान नहीं हो पायी है. घटना के बारे में अधिकारियों ने रविवार को जानकारी दी.

### एलजी ने जानमाल के नुकसान पर शोक व्यक्त किया

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कठुआ जिले में बारिश के कारण हुए भूस्खलन में हुई मौतों पर दुख व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की. उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह को बचाव एवं राहत कार्यों की जानकारी दे दी गई. खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है पानी

### अमित शाह ने दिया हर संभव मदद का आश्वासन

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है. शाह ने सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि स्थानीय प्रशासन और एनडीआरई टीमों की मदद से बचाव अभियान जारी है.

### ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन के बाद अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला भारत लौटे, एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत

एजेंसी



ऐतिहासिक एक्सिओम-4 मिशन के बाद भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला 21 दिन अंतरिक्ष में बिताकर भारत लौटे। दिल्ली एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया गया, जहां मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह भी मौजूद थे। यह मिशन भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और युवाओं के लिए प्रेरणा बन गया है। ऐतिहासिक एक्सिओम-4 मिशन पूरा कर और अंतरिक्ष में 21 दिन बिताने के बाद भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला रविवार को भारत लौट आए हैं। एक महीने पहले उन्होंने इस ऐतिहासिक अंतरिक्ष यात्रा को अंजाम दिया था। शुभांशु शुक्ला का दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया गया।

# ओवैसी का एनसीआरटी की पाठ्यपुस्तक संशोधन पर आरएसएस-बीजेपी पर हमला

**इतिहास से छेड़छाड़ का लगाया आरोप**

एनसीईआरटी के नए मॉड्यूल में भारत के विभाजन के लिए जिन्ना, कांग्रेस और माउंटबेटन को जिम्मेदार ठहराया गया है.

एजेंसी

नई दिल्लीः ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला करते हुए उन पर स्कूल एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में चुनिंदा बदलावों के माध्यम से इतिहास को व्यवस्थित रूप से विकृत करने का आरोप लगाया है. एक टेलीविजन बहस में शनिवार को ओवैसी ने स्कूल के पाठ्यक्रम से महत्वपूर्ण ऐतिहासिक तथ्यों को हटाये जाने पर सवाल उठाया. इसमें बंगाल मंत्रिमंडल में भारतीय जनसंघ के नेता श्यामा प्रसाद मुखर्जी की भूमिका के साथ-साथ फजलुल हक की भूमिका भी शामिल थी, जिन्होंने मुस्लिम लीग के लाहौर अधिवेशन में पाकिस्तान प्रस्ताव पेश किया था. एआईएमआईएम प्रमुख ने पूछा, 'आप यह क्यों नहीं पढ़ाते कि मुखर्जी कैबिनेट सदस्य थे? यह इतिहास है. इसे क्यों छिपाया जा रहा है?' उन्होंने आगे आरोप लगाया कि सविनय अवज्ञा आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन और एंटी-सेटलमेंट सत्याग्रह (संभवतः रॉलेट सत्याग्रह, जैसे प्रमुख स्वतंत्रता आंदोलनों में आरएसएस की भागीदारी को जानबूझकर स्कूल की पाठ्यपुस्तकों से बाहर रखा गया



# भाजपा के खिलाफ हिंदू-मुस्लिम गठबंधन बनाने पर विचार : प्रशांत किशोर

▶▶किशोर ने दावा करते हुए कहा, हम महात्मा गांधी और बाबासाहेब आंबेडकर की विचारधारा में विश्वास रखने वाले हिंदुओं और मुसलमानों के बीच एक गठबंधन बनाना चाहते हैं। ऐसा समीकरण भाजपा को आसानी से हरा सकता है।



एजेंसी


जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने महात्मा गांधी और बाबासाहेब आंबेडकर की विचारधाराओं में विश्वास रखने वाले हिंदुओं तथा मुस्लिम समुदाय के बीच गठबंधन बनाकर भाजपा को हराने का संकल्प लिया है। किशोर ने शनिवार को जन सुराज पार्टी से जुड़े मुस्लिम नेताओं के साथ बैठक के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पहले अपना यह दृष्टिकोण सामने रखा। उन्होंने कहा, सभी हिंदू भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का समर्थन नहीं करते। वास्तव में, यह भी नहीं कहा जा सकता कि अधिकांश हिंदू भाजपा के साथ हैं। हम एक विचारधारा-आधारित गठबंधन बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

**झटका** व्यापार समझौते की उम्मीदों को बड़ा झटका

# भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता टली

एजेंसी

नयी दिल्ली। अमेरिका और भारत के बीच होने वाली महत्वपूर्ण व्यापार वार्ता फिलहाल के लिए टल गई है। अमेरिकी व्यापार वातार्कारों का 25 से 29 अगस्त तक नई दिल्ली का दौरा रद्द हो गया है। इस दौरे का मकसद दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते पर चल रही बातचीत को आगे बढाना था। एक सूत्र के मुताबिक, इस वार्ता के रद्द होने से प्रस्तावित व्यापार समझौते पर बातचीत में देरी होगी। इसके अलावा, 27 अगस्त से भारतीय सामानों पर लगने वाले अतिरिक्त अमेरिकी टैरिफ से भी जल्द राहत मिलने की उम्मीदें कम हो गई हैं। अमेरिकी दूतावास ने इस मामले पर कोई और जानकारी देने से इनकार कर दिया है, क्योंकि यह मामला यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव (यूएसटीआर) के पास है। भारत के वाणिज्य मंत्रालय ने भी इस पर कोई तुरंत जवाब नहीं दिया है। इस महीने की शुरूआत में, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय सामानों पर 25% का अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया था। उन्होंने इसका कारण भारत द्वारा रूसी तेल का लगातार आयात करना बताया था, जिससे दोनों देशों के बीच तनाव बढ गया था। यह नया टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा। इसके बाद, कुछ भारतीय निर्यात पर कुल शुल्क 50% तक बढ जाएगा, जो कि अमेरिका के किसी भी व्यापारिक साझेदार पर लगाए गए सबसे ज्यादा शुल्कों में से एक है। भारत और अमेरिका के बीच अब तक पांच दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन ये सफल नहीं हो पाई। मुख्य मतभेद भारत के कृषि और डेयरी क्षेत्रों को खोलने और रूसी तेल खरीदने को लेकर हैं। भारत के विदेश मंत्रालय का कहना है कि रूसी तेल खरीदने के लिए भारत को बेवजह निशाना बनाया जा रहा है, जबकि अमेरिका और यूरोपीय संघ खुद भी रूस से सामान खरीदना जारी रखे हुए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत अपने किसानों की हितों की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। भारत किसानों की हितों से समझौता नहीं करेगा। किसानों का हित भारत की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम किसानों, मछुआरों और पशुपालकों के हितों से समझौता नहीं करेंगे। मोदी ने कहा कि मुझे किसानों के हितों की रक्षा के लिए कीमत चुकानी पड़ेगी तो मैं इसके लिए तैयार हूं। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जुलाई 2025 के बीच भारत का अमेरिका को निर्यात 21.64% बढ़कर 33.53 अरब डॉलर पहुंच गया, जबकि आयात 12.33% बढ़कर 17.41 अरब डॉलर रहा।



भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता टल गई है, जिससे भारतीय सामानों पर 27 अगस्त से लगने वाले अतिरिक्त अमेरिकी टैरिफ से राहत की उम्मीदें कम हो गई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूसी तेल आयात को लेकर लगाए गए इन शुल्कों से कुछ भारतीय निर्यात पर कुल शुल्क 50 प्रतिशत तक बढ़ जाएगा, जिससे भारत-अमेरिका व्यापार संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं।

# महबूबा मुफ्ती ने कठुआ में बादल फटने की घटना में लोगों की जान जाने पर दुख जताया



जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कठुआ जिले में बादल फटने से आई बाढ़ के कारण हुई दुखद जनहानि से बहुत दुखी हूं।

एजेंसी


नयी दिल्ली। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में बादल फटने से अचानक आई बाढ़ के कारण हुई जानमाल की हानि पर रविवार को शोक व्यक्त किया। जिले के दो स्थानों- राजबाग के जोध घाटी गांव और जंगलोट के बागरा गांव में सुबह बादल फटने और भूस्खलन होने से सात लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कठुआ जिले में बादल फटने से आई बाढ़ के कारण हुई दुखद जनहानि से बहुत दुखी हूं। विनाश की शुरूआती खबरें सचमुच दिल दहला देने वाली हैं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। उन्होंने कहा कि ऐसे मुश्किल क्षणों में प्रशासन द्वारा त्वरित और निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता थी। पीडीपी अध्यक्ष ने कहा, ऐसे महत्वपूर्ण क्षणों में प्रशासन द्वारा त्वरित और निर्णायक कार्रवाई आवश्यक है, हर क्षण महत्वपूर्ण है।

## सम्पादकीय

# चुनाव आयोग नहीं, जनादेश का अपमान हो रहा है

इंडिया गठबंधन के नेताओं ने 11 अगस्त को संसद से लेकर चुनाव आयोग मुख्यालय तक विरोध मार्च निकालकर हंगामा किया जबकि चुनाव आयोग ने 30 नेताओं को अपनी बात रखने के लिए बुलाया था । वास्तव में विपक्ष यह दिखाना चाहता था कि उसके विरोध को दबाया जा रहा है, इसलिए ऐसा हंगामा किया गया कि पुलिस को उनकी गिरफ्तारियां करनी पड़ी । विदेशी समाचार पत्रों में यह खबर प्रमुखता के साथ प्रकाशित की गई कि भारत में विपक्ष को चुनावी धांधलियों के खिलाफ आवाज उठाने से रोका जा रहा है । इस पर कई विदेशी समाचार पत्रों द्वारा लेख प्रकाशित करके बताया जा रहा है कि भारत में लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है । बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के कार्यक्रम पर विपक्ष द्वारा खड़े किये जा रहे विवाद के कारण विदेशी समाचार पत्रों द्वारा इस पारदर्शी प्रक्रिया को विवादास्पद बताया जा रहा है ।राहुल गांधी ने 7 अगस्त को दिल्ली में एक प्रेस कांफ्रेंस करके चुनाव आयोग पर भाजपा से मिलीभगत का आरोप लगाया है । उनका कहना है कि कर्नाटक में कांग्रेस को 16 सीटें मिलने की उम्मीद थी लेकिन वो केवल 9 सीटें ही जीत पाई । उनका आरोप है कि ऐसा केवल वोट चोरी से हो सकता है इसलिए वो इसे चुनाव चोरी कहते हैं । राहुल गांधी चुनाव आयोग के कर्मचारियों को धमकी देते हुए कहते हैं कि जब उनकी सरकार आएगी तो उनको इसका परिणाम भुगतना होगा । चुनाव आयोग ने राहुल गांधी को अपने आरोपों पर शपथ पत्र देने का कहा है ताकि वो मामले की जांच कर सके । राहुल गांधी कहते हैं कि वो शपथपत्र नहीं देंगे, उनका बयान ही शपथ पत्र माना जाए । सबसे अजीब बात यह है कि एक तरफ राहुल गांधी मतदाता सूची में फर्जी लोगों का नाम जोड़ने का आरोप लगाते हैं तो दूसरी तरफ बिहार में मतदाता सूची में फर्जी, अयोग्य और मृत लोगों के नाम हटाये जाने का विरोध कर रहे हैं । राहुल गांधी एक ऐसे व्यक्ति हैं जो बीमारी का ढिंढोरा पीट रहे हैं लेकिन बीमारी के इलाज का विरोध कर रहे हैं । उन्होंने 7 अगस्त को अपनी प्रेस कांफ्रेंस में जो खुलासा किया है, वो वास्तव में कोई खुलासा है ही नहीं बल्कि एक ऐसा सच है जो इस देश का हर व्यक्ति जानता है । सबको पता है कि मतदाता सूची में मृतकों और अयोग्य लोगों के नाम दर्ज हैं । इसके अलावा ऐसे लोग भी हैं जिन्होंने अपने नाम कई जगहों पर दर्ज करवाए हुए हैं । राहुल गांधी ने कहा है कि बैंगलुरू सैंट्रल निर्वाचन क्षेत्र में एक लाख से ज्यादा मतदाता चुपके से जोड़ दिए गए हैं । सवाल यह है कि नये वोटर जोड़ना कैसे गलत है लेकिन राहुल गांधी इन विसंगतियों को लेकर खुद ही नतीजे पर पहुंच गए हैं कि यह सब भाजपा ने अपने फायदे के लिए किया है ।

## आज का विचार




# चुनौतियों से पार पाने का रास्ता, लाल किले से आत्मनिर्भर भारत का नया रोडमैप

> प्रधानमंत्री ने लाल किले से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की खुलकर तारीफ की। यह कांग्रेस और अन्य विपक्षी नेताओं को रास नहीं आया। कांग्रेस सदैव आरएसएस पर हमलावर रहती है। विपक्षी खेमा यह जताने में भी जुटा रहता है कि पीएम मोदी और आरएसएस के बीच सब कुछ सही नहीं। शायद इसी कारण प्रधानमंत्री ने आरएसएस की देश सेवा की प्रशंसा करते हुए उसे विश्व का सबसे बड़ा एनजीओ कहा।

पिछले स्वतंत्रता दिवस के बाद से घरेलू के साथ वैश्विक वातावरण भी बहुत तेजी से बदला है। अपने पड़ोस में बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद हालात बहुत तेजी से बदले। फिर अमेरिका की दूसरी बार कमान संभालने वाले डोनाल्ड ट्रंप अपनी मनमानी टैरिफ नीति से दुनिया भर में अस्थिरता फैलाने का काम कर रहे हैं। इसी सिलसिले में उन्होंने जहां भारत को खासतौर पर निशाना बना रखा है, वहीं उस पाकिस्तान की तरफदारी कर रहे हैं, जिसने पहलगाम में भयावह आतंकी हमला कराया और अतीत में खुद अमेरिका को धोखा दिया। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ आपरेशन सिंदूर के तहत अभूतपूर्व सैन्य कार्रवाई की। इसमें पाकिस्तान को तो मुंह की खानी पड़ी, लेकिन शायद अमेरिका और खासकर राष्ट्रपति ट्रंप को भारत की यह सैन्य कार्रवाई रास नहीं आई। वे आपरेशन सिंदूर को थामने और दोनों देशों के बीच कथित संघर्षविराम का श्रेय लेने में जुट गए। अमेरिकी राष्ट्रपति का जिस तरह पाकिस्तान के प्रति झुकाव बढ़ रहा है, वह भारत की चिंता बढ़ाने वाला है। इसका कोई ठिकाना नहीं कि ट्रंप कब क्या कर दें? ऐसी आशंका भी बढ़ रही है कि ट्रंप के कार्यकाल में स्थितियां इतनी बिगड़ जाएंगी कि उनके जाने के बाद भी उन्हें संभाल पाना आसान नहीं होगा। उनका अभी करीब साढ़े तीन साल का कार्यकाल बचा है। मौजूदा अनिश्चित और चुनौती भरे माहौल में प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से अपने



संबोधन से देश के लोगों में नई ऊर्जा भरने का काम किया। उन्होंने नए और बड़े आर्थिक सुधारों का आह्वान किया। इसके लिए एक टास्क फोर्स भी गठित की जाएगी। दीवाली तक जीएसटी में रियायत के आसार दिख रहे हैं। अब जीएसटी के दो स्लैब ही हो सकते हैं। इससे रोजाना इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं के दाम घटने और आम आदमी को राहत मिलने के आसार हैं। प्रधानमंत्री ने जीएसटी में व्यापक बदलाव के साथ ही अन्य आर्थिक सुधारों के लिए भी एक रोडमैप भी दिया है। मोदी सरकार को इस रोडमैप पर चलने के साथ ही राज्य सरकारों का भी सहयोग लेना होगा, क्योंकि एक तो आधे से अधिक राज्यों में भाजपा या उसके सहयोगी दलों की सरकारें हैं और दूसरे, सभी राज्यों के विकास के बिना देश को विकसित बनना संभव नहीं। प्रधानमंत्री ने लाल किले से किसानों, बेरोजगारों, छोटे-मझोले उद्यमियों के साथ आम आदमी को भी राहत देने वाली कुछ घोषणाएं की हैं। इन घोषणाओं का उद्देश्य देश को आत्मनिर्भर बनाना और ट्रंप के भारत विरोधी रवैये से उपजे हालात का असर कम करना है। सदैव की तरह इस बार भी लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री का संबोधन राष्ट्रवाद से ओतप्रोत रहा। यह उनकी अपनी विशिष्ट शैली है। इसकी झलक पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में बालाकोट में भारतीय वायु सेना की कार्रवाई के बाद के संबोधन में भी मिली थी। यह स्वाभाविक ही था कि प्रधानमंत्री इस बार आपरेशन सिंदूर का विशेष रूप से जिक्र करते और देश की रक्षा-सुरक्षा के लिए कहीं अधिक प्रतिबद्ध दिखते। इस बार उनके तेवर कुछ अलग थे। उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी को भी आईना दिखाया, जिन्होंने आपरेशन सिंदूर को लेकर कुछ बेजा सवाल उठाए और इन दिनों उनके कारण ही बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर का मुद्दा भी चर्चा में है। सुप्रीम कोर्ट इस पर सुनवाई कर रहा है। उसने कहा है कि मतदाता सूचियां तैयार करने का दायित्व चुनाव आयोग का है। ध्यान रहे चुनाव आयोग ने यह संदेह जताया था कि बिहार में दूसरे देशों के लोग और यहां तक कि घुसपैठिए भी मतदाता बन गए हैं। प्रधानमंत्री ने इसी संबंध में डेमोग्राफी में आ रहे बदलाव का मुद्दा उठाया और एक अभियान शुरू करने की घोषणा की। स्पष्ट है कि उनके निशाने पर बांग्लादेशी घुसपैठिए हैं। स्वतंत्रता दिवस पर लगातार 12 बार देश को संबोधित कर चुके प्रधानमंत्री मोदी को इसके पहले अवैध घुसपैठियों के मुद्दे पर इतना मुखर नहीं देखा गया। भारत इसकी अनदेखी नहीं कर सकता कि बांग्लादेश से घुसपैठ थमने का नाम नहीं ले रही है। यह भी चिंता की बात है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और कुछ अन्य विपक्षी नेता बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर करने की कार्रवाई का विरोध करते रहते हैं। यह वोट बैंक की सस्ती राजनीति ही है। प्रधानमंत्री ने लाल किले से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की खुलकर तारीफ की। यह कांग्रेस और अन्य विपक्षी नेताओं को रास नहीं आया। कांग्रेस सदैव आरएसएस पर हमलावर रहती है। विपक्षी खेमा यह जताने में भी जुटा रहता है कि पीएम मोदी और आरएसएस के बीच सब कुछ सही नहीं। शायद इसी कारण प्रधानमंत्री ने आरएसएस की देश सेवा की प्रशंसा करते हुए उसे विश्व का सबसे बड़ा एनजीओ कहा। बदले हुए घटनाक्रम में जिस प्रकार सरकार और प्रधानमंत्री मोदी की चुनौतियां बढ़ी हैं, उनसे निपटने के लिए ठोस प्रयास जरूरी हो गए हैं। मोदी सरकार को रोजमर्रा के उस भ्रष्टाचार का भी कोई समाधान निकालना होगा, जिससे आम आदमी परेशान रहता है। आम जनता की कुछ तकलीफें बढ़ रही हैं। खासतौर से शहरी इलाकों में लोगों को बहुत परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। बारिश के मौसम में जब स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है, तब हमारे छोटे-बड़े शहर जलभराव से बेहाल दिखते हैं। कृषि और समूची अर्थव्यवस्था के लिए जो मानसून वरदान माना जाता है, वही बुनियादी ढांचे और सामान्य जनजीवन के लिए अभिशाप सा बन जाता है। बारिश के मौसम में जनता को गंभीर समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है। प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले से आत्मनिर्भरता के जिस मंत्र को दृढ़ता से दोहराया, उसमें एमएसएमई सेक्टर और अन्य उद्योगों को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। जहां सरकार को उनके लिए ईज आफ डूइंग बिजनेस के माहौल को और बेहतर बनाना होगा, वहीं उद्योग जगत को भी शोध एवं विकास में निवेश बढ़ाकर अपनी गुणवत्ता के साथ उत्पादकता भी बढ़ानी होगी। इससे ही देश घरेलू और बाहरी चुनौतियों का सही तरह से सामना कर पाएगा।

## राशिफल




**मेष राशि :** कार्यक्षेत्र में आपको अपनी निर्णय लेने की क्षमता के चलते लाभ प्राप्त हो सकता है। साथ ही, कुछ साहसिक निर्णयों और कार्यों के चलते आपका व आपके परिवार का गौरव भी बढ़ेगा।

**वृषभ राशि:** आपको कार्यस्थल पर आज अपने किसी प्रोजेक्ट या कार्य में बड़ी सफलता प्राप्त हो सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा और सम्मान में भी वृद्धि होगी। सांसारिक सुख के साधनों में वृद्धि होगी और आमदनी के नए मार्ग भी खुलते जाएंगे।

**मिथुन राशि:** कारोबार के मामले में आपको कुछ बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। अगर कोई कानूनी मामला चल रहे है, तो उसमें सावधान रहने की जरूरत है। अन्यथा परेशानी खड़ी हो सकती है। वहीं, कार्यस्थल पर समय पर सही निर्णय ले पाने के कारण आपको बाधाओं और हानि का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क राशि :** अगर लंबे समय से कार्यस्थल पर आपका प्रमोशन रुका हुआ है तो अब वह पूर्ण हो सकता है। साथ ही, आप अपने बात करने के तरीके और व्यवहार से किसी बड़े अधिकारी को अपनी ओर आकर्षित कर सकते हैं। निर्णय लेने की क्षमता से भी आपको लाभ प्राप्त होगा। लेकिन स्वास्थ्य पर खास ध्यान देने की जरूरत होगी। आपको आंखों से जुड़ी कोई समस्या परेशान कर सकती है।

**सिंह राशि :** व्यापार करने वालों को कार्यक्षेत्र में कुछ नए परिवर्तन देखने को मिल सकते हैं। वहीं, नौकरी करने वालों के अधिकार में वृद्धि होगी, जिससे आपको आर्थिक लाभ भी मिल सकता है और समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कन्या राशि:** कार्यक्षेत्र में आपके अधिकारों में वृद्धि हो सकती है और कुछ नई जिम्मेदारियां मिलने की भी संभावना है। अपने सुख के साधनों को बढ़ाने के लिए कुछ धन भी खर्च कर सकते हैं और दूसरों की सेवा में दिन बीतेगा। व्यापार के मामले में धन कमाने के नए रास्ते मिल सकते हैं

**तुला राशि :** जोखिम भरे काम और फैसलों से बचें कामकाज के मामले में दिन सामान्य से कम अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सोच-विचार करके काम करने के बावजूद कुछ नुकसान होने की संभावना बनी हुई है।

**वृश्चिक राशि :** नौकरी करने वालों के पद में वृद्धि हो सकती है और अधिकार बढ़ने की भी संभावना है। आपको किसी बहुमूल्य वस्तु से लाभ प्राप्त हो सकता है और कार्यस्थल आपके साहस से विरोधी परास्त हो जाएंगे।

**धनु राशि :** कार्यक्षेत्र में आप नई-नई योजनाएं बना सकते हैं और किसी नए प्रोजेक्ट पर भी काम शुरू किया जा सकता है। अगर आपका धन लंबे समय से कहीं अटका हुआ था, तो अब वह भी वापस मिल सकता है।

**मकर राशि:** आप पूरे दिन उत्साह और जोश से भरे रहेंगे, लेकिन आर्थिक मामलों में आपको कुछ अनावश्यक खर्चों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में बजट बनाकर चलना फायदेमंद रहेगा। नौकरी करने वालों का प्रमोशन हो सकता है

**कुंभ राशि :** कार्यक्षेत्र में आपको कोई भी काम जल्दबाजी में करने से बचना होगा, अन्यथा हानि का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में हर निर्णय या कार्य को धैर्य के साथ करना बेहतर रहेगा। हालांकि, आपके भौतिक सुख के साधनों में वृद्धि होगी और नए-नए कार्यों की शुरूआत करने से भविष्य में बड़ा लाभ मिल सकता है।

**मीन राशि :** स्वास्थ्य कुछ ठीक नहीं रहेगा। आपको पेट से जुड़ी किसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। इसका असर कामकाज पर भी पड़ेगा। व्यवसाय के मामले में अगर आप लोन लेना चाहते हैं, तो वह आसानी से मिल सकता है। नई-नई योजनाएं बनाकर उन्हें आगे बढ़ाने से सफलता प्राप्त हो सकता है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# भगवान शिव के साथ पूजी जाती हैं उनकी मानस-पुत्री मनसा विषहरी

(शिव शंकर सिंह पारिजात)

पुरातन काल में सोलह महाजनपदों में शुमार अंगभूमि भागलपुर की ऐसी कई धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परंपराएं हैं जो इसे विशिष्ट तथा खास बनाती हैं। यहां प्रति वर्ष जगत के नियंता भगवान शिव के साथ उनकी मानस-पुत्री, सर्पों की देवी मनसा विषहरी की धूमधाम से अनुष्ठानपूर्वक पूजा होती है। खास बात यह है कि यहां हर साल जहां सुलतानगंज के उत्तरवाहिनी पवित्र गंगा के पावन तट पर पूरे देश में शिव-पूजन का सबसे बड़ा मेला 'श्रावणी मेला' लगता है, वहीं देवी मनसा विषहरी की आराधना का सबसे बड़ा अनुष्ठान 'मनसा विषहरी पूजन' आयोजित करने का गौरव भी इसी भूमि को प्राप्त है। यहां जहां श्रावण मास में शिव-पूजन की धूम मची रहती है, वहीं भाद्र मास में उनकी मानस-पुत्री मनसा विषहरी के अनुष्ठान की चहल-पहल रहती है। देवी मनसा विषहरी की पूजा भागलपुर जनपद का सबसे बड़ा लोक-पर्व माना जाता है जहां के 150 से अधिक मनसा मंदिरों व पूजा स्थलों में वृहत स्तर पर पूजन आयोजित किये जाते हैं और मेले लगते हैं। यहां यह पूजा बिहुला विषहरी पूजा के नाम से प्रसिद्ध है जिसमें सर्पों की देवी मनसा के साथ सती बिहुला की पूजा होती है।

श्रावण के पावन मास में प्राचीन काल में अंगभूमि के नाम से विख्यात रहे भागलपुर की भूमि शिवमय हो उठती है जब देश के कोने-कोने से प्रतिदिन यहां के सुलतानगंज के पवित्र उत्तरवाहिनी गंगा तट पर जुटनेवाले हजारों-लाखों केसरिया वस्त्रधारी शिवभक्त अपने कांवरों में गंगाजल लेकर 105 किमी की साधना युक्त यात्रा कर इसे देवघर के वैद्यनाथ द्वादश ज्योतिर्लिंग पर अर्पित करते हैं। श्रावण मास में पूरा अंगदेश शिव-आराधना में बोल बम के जयकारों से गूंजायमान हो उठता है। वहीं यह भोले शंकर की लीला है इस अंगभूमि पर पूरे श्रावण मास भगवान शिव के साथ श्रावण-




भाद्र मास में उनकी मानस पुत्री मनसा विषहरी की भी पूजा पूरे भक्तिभाव से होती है और सम्पूर्ण वातावरण बोल बम के उद्घोष के साथ बिहुला-विषहरी के गीतों से गूंजायमान हो उठता है। यहां देवी मनसा का पूजन-अनुष्ठान श्रावण मास शुरू होने के करीब तीन दिनों के बाद कर्क की संक्रांति से प्रारंभ हो जाता है जो एक माह तक चलता है।

प्रत्येक वर्ष कर्क की संक्रांति के एक दिन पूर्व भागलपुर के चंपानगर स्थित मुख्य विषहरी मंदिर में देवी मनसा का पूजन-अनुष्ठान सर्प आकृतियों से युक्त एक विशिष्ट प्रकार के कलश स्थापना, जिसे 'वारी घट' (सर्प आकृतियों से युक्त घट) कहते हैं, के साथ प्रारंभ होता है। इस दिन देवी की पिंडी पर बेंत रखकर देवी को धूप, दीप, गंध-पुष्प, नैवेद्य आदि अर्पित किये जाते हैं। अंगभूमि भागलपुर के मनसा विषहरी पूजा की खासियत यह है कि इसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी रहती है। विषहरी पूजा की खास जानकारी रखने वाले हेमंत कश्यप बताते हैं कि चंपानगर मुख्य मनसा मंदिर के पंडा सर्वप्रथम वारी कलश की पूजा के लिए कुम्हार के घर जाते हैं जहां वे देवी के पांचों स्वरूपों का पूजन करते हैं। वहां से आने के बाद पिंडी पर भगवती मनसा के पांचों स्वरूप के साथ देवी नेतुला धोबिन की भी पूजा की जाती है। इस दिन पिंडी पर छः सिंगारी सिंदूर की खड़ी रेखा अंकित की जाती है और छहों भाग में भोग अर्पित किया जाते हैं। पांच विषहरी के पांच स्वरूप के लिये और छठा नेतुला धोबिन के लिए अर्पित किये जाते हैं। फिर कर्क की संक्रांति में देवी की विशेष पूजा, भोग, हवन इत्यादि सम्पन्न कर पंडा कुम्हार के घर से गोधूलि बेला में वारी कलश को अपने मस्तक पर उठा कर सेमापुर घाट तक जाते हैं जहां जल छींट कर उनका सत्कार किया जाता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष मनसा वारी व्रत रखते हुए वारी घट के साथ घाट तक जाते हैं। और, इस तरह वारी कलश पूजा के सम्पन्न होने के उपरांत चम्पानगर के मुख्य मनसा मंदिर के साथ भागलपुर के मनसा विषहरी मंदिरों में मनसा माहात्म्य पर आधारित बिहुला-विषहरी गाथा का सामूहिक पाठ शुरू हो जाता है जिसका समापन एक माह पूरा होने पर बिहुला-विषहरी की मूर्तियों के स्थापन के साथ होता है जब जगह-जगह पर मेले लगते हैं। रामायण की कथा के अनुसार जिस स्थान पर शिव के त्रिनेत्र की ज्वाला से भस्मीभूत होकर कामदेव ने अपने शरीर का त्याग किया, वह भूमि 'अंग' कहलाई। यहां शिवभक्ति का आलम यह कि यहां उनकी पुत्री मनसा के साथ उनके गले में शोभित होने वाले सर्प के पूजन की भी प्राचीन व विशिष्ट परम्परा है। भागलपुर के चम्पानगर में स्थित मुख्य विषहरी स्थान में नागपंचमी के अवसर पर बासुकी नाग सहित तक्षक, शेषनाग, कार्कोटक, पद्म, महापद्म, शंखपाल सहित कुलिक नागों को विशिष्ट पूजा अर्पण किये जाते हैं। चम्पानगर मुख्य मनसा विषहरी मंदिर में साल भर पीतल एवं अन्य धातुओं की बनी नाग आकृतियों की विधान-पूर्वक पूजा होती है। चम्पानगर के महाशय ड्योढ़ी में एक लोहा बांस-घर है जो अंगभूमि में सर्प पूजन की पुरातन परम्परा का साक्षी है। यह 'लोहा-बांस घर' एक ऐसा स्मृति स्थल जो है बिहुला-विषहरी की लोकगाथा का मुख्य केंद्रबिंदु है जिसे चंपानगर के परम शिव भक्त चांदो सौदागर ने अपने पुत्र बाला लखंदर को देवी मनसा के कोप से रक्षा के लिये देव-शिल्पी विश्वकर्मा से बनवाया था। अंगभूमि भागलपुर में बिहुला-विषहरी की पूजा सदियों से चली आ रही एक लोकगाथा पर आधारित है जिसका गायन पूजा के दिनों में भक्तिभाव से किया जाता है। गाथा के अनुसार के अनुसार जब शिवपुत्री मनसा अन्य देवी-देवताओं की तरह शिव के समक्ष पृथ्वी लोक में पूजित होने की इच्छा जाहिर करती है, तो भगवान शिव कहते हैं कि जबतक पृथ्वी लोक का सबसे बड़ा शिवभक्त चंपानगर निवासी चांदो सौदागर उसकी पूजा नहीं करता, तबतक ऐसा नहीं हो सकता। किंतु जब चांदो सौदागर भगवान शिव के अलावा किसी अन्य देवी-देवता की पूजा करने से इन्कार कर देता है, तो इससे रूष्ट होकर देवी चंद्रधर सौदागर अर्थात चांदो सौदागर की समस्त व्यापारिक नौकाएं और धन-सम्पदा विनष्ट कर देती हैं। देवी के कोप से चांदो सौदागर के सभी पुत्रों की मृत्यु हो जाती है। किंतु इन सभी आपदाओं के बावजूद जब चांदो सौदागर देवी मनसा की पूजा करने को तैयार नहीं होता है, तो वह चांदो से कहती हैं कि उसके छोटे पुत्र बाला लखंदर की मृत्यु सुहागरात के दिन सर्पदंश से हो जायेगी पर परम शिव भक्त इससे भी विचलित नहीं होता है। वह अपने छोटे पुत्र बाला लखंदर की शादी एक परम तेजस्वी कन्या बिहुला से पूरी धूमधाम से करवाता है। और, सुहागरात के दिन अपने पुत्र बाला लखंदर की सर्पदंश से रक्षा हेतु देव-शिल्पी विश्वकर्मा से एक लोहा-बांस का घर बनवाता है जिसमें रत्ती भर भी छिद्र नहीं हो। लोकगाथा के अनुसार देवी मनसा विश्वकर्मा को धमकाकर उस लोहे के घर में केश के बराबर एक छिद्र छुड़वा देती है। अपने श्राप को पूरा करने के मद्देनजर हठी देवी मनसा बाला लखंदर की सुहागरात को नाना प्रकार के विघ्न रचती हैं और कई तरह के विषैले सर्प उस लोहा-बांस के घर में भेजती हैं। पर परम तेजस्वी कन्या बिहुला के सतीत्व के तेज के सामने देवी के सारे प्रयास असफल हो जाते हैं।

# पीएम मोदी द्वारा आरएसएस की तारीफ से उभरे आलोचनात्मक स्वरों के सियासी निहितार्थ समझिए

कमलेश पांडेय

देश-दुनिया की सबसे बड़ी अपंजीकृत गैर सरकारी संस्था (एनजीओ) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की तारीफ जब दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), जो और सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की अगुवा पार्टी है, के प्रखर नेता, ओजस्वी वक्ता, पूर्व संघ प्रचारक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले के प्राचीर से की तो वह कोई साधारण क्षण नहीं था बल्कि आरएसएस की स्थापना के शतक वर्ष पर 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह को सम्बोधित कर रहे प्रधानमंत्री के हृदय से निकला उद्गार है। वहीं, सियासी रूप से मूढ़ और अकर्मण्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस और उसकी सहयोगी समाजवादी पार्टी (सपा) ने जिस तरह से प्रधानमंत्री के आरएसएस सम्बन्धी विचार की खिल्ली उड़ाई, उससे जनसेवा, समाजसेवा व राष्ट्रसेवा के प्रति उनका उपहास बोध उजागर हो गया। ये वही लोग हैं जिन्होंने दलित-पिछड़ों-अल्पसंख्यकों के शोषण के नाम पर सत्ता हथियाकर सामंती मानसिकता और परिवारवाद की सारी हदें पारकर खुद की सत्ता भी गवां दी। जो समाजवादी कांग्रेस विरोध के नाम पर जनसंघ-भाजपा के सहयोग से सत्ता में आए, राष्ट्रवादी व हिंदुत्व की जनभावना मजबूत होते ही भाजपा के विरोध में कांग्रेस से सांठगांठ कर ली। वहीं, जिस कांग्रेस ने मुस्लिम लीग विरोधी होने के चलते हिंदुओं के देश भारत की सत्ता पाई, वह जनसंघ/समाजवादियों के बढ़ते प्रभाव से धर्मनिरपेक्षता का ढिंढोरा पीटने लगी। यही वजह है कि जहां अंग्रेजों द्वारा स्थापित पार्टी कांग्रेस ने इसे आरएसएस को खुश करने वाला कदम बताया, वहीं कांग्रेस के दम पर मृत जातिवादी समाजवाद को जिंदा कर सकने वाली समाजवादी पार्टी के प्रमुख और उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश ने इसे संघी साथियों द्वारा अंग्रेजों को धन्यवाद देने का पल करार दिया। शायद ऐसी सियासी उलटबासी परोसते हुए उन्हें शर्म भी नहीं आई. इसलिए इसके राजनीतिक मायने को हम यहां विस्तार पूर्वक समझा रहे हैं। पहले प्रधानमंत्री ने क्या कहा, उसे बताते हैं। लाल किले से पीएम मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष (1925-2025) का जिक्र किया और संघ के अवदानों की खुलकर तारीफ की। पीएम मोदी का लाल किले से यह 12वीं बार भाषण था लेकिन इससे पहले कभी भी उन्होंने इस प्रमुख अवसर पर संघ की तारीफ इस तरह से नहीं की थी। पीएम ने खुलेआम कहा कि संघ का इतिहास समर्पण का इतिहास है। सेवा, समर्पण, संगठन और अनुशासन ही इसकी पहचान रहे हैं।

पीएम ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की देश सेवा की यात्रा को लेकर इसे दुनिया के सबसे बड़े एनजीओ की तरह बताया और मुक्त कंठ से तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि आज से 100 साल पहले एक संगठन का जन्म हुआ, जिसका नाम है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ। यह 100 साल की राष्ट्र की सेवा का एक बहुत ही गौरवपूर्ण स्वर्णिम पृष्ठ है। व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण के संकल्प को लेकर स्वयंसेवकों ने मां भारती के कल्याण के लिए जो निज जीवन समर्पित किया है, अतुलनीय कार्य किया है, उसी से मौजूदा भारत का सामर्थ्य दुनिया देख रही है। यह बात दीगर है कि जहां लोकसभा चुनाव 2024 और उसके नतीजों के बाद बीजेपी और संघ में दूरी दिखी, वहीं पिछले काफी वक्त से पीएम संघ को लेकर अलग-अलग मौकों पर बोले भी और इसकी जमकर सराहना की।

## मुंबईकर ध्यान दें! भारी बारिश के बीच इंडिगो ने यात्रियों के लिए जारी की ट्रैवल एडवाइजरी

एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने मुंबई में भारी बारिश को देखते हुए यात्रियों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। इंडिगो ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपने निर्धारित समय से थोड़ा पहले घर से निकलें और एयरपोर्ट पहुंचने में संभावित देरी को ध्यान में रखें।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने मुंबई में भारी बारिश को देखते हुए यात्रियों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। इंडिगो ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपने निर्धारित समय से थोड़ा पहले घर से निकलें और एयरपोर्ट पहुंचने में संभावित देरी को ध्यान में रखें। एयरलाइन ने यह भी सुझाव दिया है कि यात्री अपनी उड़ान की वर्तमान स्थिति इंडिगो की मोबाइल ऐप या वेबसाइट पर चेक करते रहें।

### इंडिगो ने क्या कहा?

इंडिगो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि मुंबई के कई हिस्सों में बारिश हो रही है और हवाई अड्डे की ओर जाने वाली कुछ सड़कों पर पानी भर गया है, जिससे ट्रैफिक धीमा है। अगर आपकी कोई उड़ान है, तो कृपया सामान्य समय से पहले निकलें और हमारे ऐप या वेबसाइट पर अपनी उड़ान की स्थिति देखें। गीली और फिसलन भरी सड़कों पर सावधान रहें। एयरलाइन की ओर से यह भी कहा गया कि टीमें परिचालन सुचारू रूप से जारी रखने के लिए स्थिति पर सक्रिय रूप से नजर रख रही हैं। इंडिगो ने यात्रियों से सहयोग और समझदारी के लिए धन्यवाद भी व्यक्त किया है। कंपनी ने लिखा कि आपकी सुविधा और सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### महाराष्ट्र में 16 से 21 अगस्त भारी बारिश

मौसम विभाग ने महाराष्ट्र में 16 से 21 अगस्त के दौरान भारी वर्षा जारी रहने की संभावना जताई है।

## बॉम्बे हाईकोर्ट का घटेगा लोड, सीजेआई गवई ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर में पांचवीं पीठ का किया शुभारंभ

देश के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई ने अपने गृह राज्य महाराष्ट्र में लोगों की एक बड़ी मांग को पूरा कर दिया है। रविवार को प्रधान न्यायाधीश गवई ने कोल्हापुर में बॉम्बे हाईकोर्ट की पांचवीं पीठ का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी मौजूद रहे।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों के साथ आम लोगों की एक बड़ी मांग रविवार को पूरी हो गई। देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई ने रविवार को बॉम्बे हाईकोर्ट की नई सर्किट पीठ का कोल्हापुर जिले में उद्घाटन किया। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उपस्थित थे। फडणवीस ने कहा कि हाईकोर्ट की इस नई पीठ से शुरू होने के बाद यहां के लोगों को मुंबई तक नहीं जाना पड़ेगा। कोल्हापुर की मुंबई से दूरी 380 किलोमीटर है इस नई पीठ से महाराष्ट्र के पश्चिमी हिस्से को बड़ा लाभ होगा। नई पीठ से बॉम्बे हाईकोर्ट की प्रिसिंपल बेंच का लोड भी घटेगा। इस पीठ के लिए पिछले दो दशक से मांग हो रही थी।

### लंबे समय से हो रही थी मांग

कोल्हापुर में पांचवीं पीठ की स्थापना विभिन्न क्षेत्रों से सालों से उठ रही मांगों के बीच की गई है, ताकि वादियों और वकीलों पर बोझ कम किया जा सके। जिन्हें अपनी याचिकाओं की सुनवाई के लिए मुंबई जाना पड़ता है। वर्तमान में मुंबई में मुख्य पीठ के अलावा हाईकोर्ट की दो और पीठ हैं। इसमें दूसरी पीठ विदर्भ क्षेत्र के नागपुर में और तीसरी मराठवाड़ा क्षेत्र के औरंगाबाद (छत्रपति संभाजीनगर) में है। हाईकोर्ट की चौथी पीठ निकटवर्ती गोवा में स्थित है। बॉम्बे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे ने एक अगस्त को एक अधिसूचना जारी करके कोल्हापुर को सर्किट पीठ बनाया था। कोल्हापुर पीठ सोमवार (18 अगस्त) से एक खंडपीठ और दो एकल पीठों के साथ कार्य करेगी।

### कोल्हापुर की बढ़ेगी शान

न्यायमूर्ति डिगे की एकल पीठ आपराधिक अपीलों, आपराधिक पुनरीक्षण आवेदनों, जमानत आवेदनों और अन्य आपराधिक मामलों की सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति चपलगांवकर एकल पीठ की अध्यक्षता करेंगे और यह पीठ सिविल रिट याचिकाओं, सिविल आवेदनों और एकल न्यायाधीश को सौंपी गई अन्य सिविल मामलों की सुनवाई करेगी। कोल्हापुर में बॉम्बे हाईकोर्ट की नई पीठ की शुरूआत ऐसे वक्त पर हुई है। जब कोल्हापुर यहां की हथिनी महादेवी उर्फ माधुरी को वनतारा भेजे जाने को लेकर देशभर की सुर्खियों में है। महादेवी हथिनी नंदनी मठ में रहती थी।

## फास्ट ट्रैक

## मध्य रेल के मुंबई मंडल ने जुलाई-2025 में प्रतिदिन 193 मेल/एक्सप्रेस ट्रेन सेवाएं चलाईं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल के मुंबई मंडल ने जुलाई-2025 के दौरान कुल 5983 मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें (5770 मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें और 213 विशेष ट्रेनें सहित) चलाईं, जबकि जुलाई-2024 के दौरान कुल 5742 मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें (5585 मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें और 157 विशेष ट्रेनें सहित) चलाईं, जो 7% की वृद्धि है।

इस प्रकार, जुलाई-2025 के महीने में प्रतिदिन औसतन 193 ट्रेनें चलाई जबकि जुलाई-2024 में प्रतिदिन औसतन 185 ट्रेनें चलेंगी, यानी प्रतिदिन 8 अतिरिक्त ट्रेनें चलाई ।

मध्य रेल द्वारा चलाई गई कुल ट्रेन सेवाओं में जुलाई-2025 में 213 विशेष ट्रेनें शामिल हैं, जबकि जुलाई-2024 में 157 ट्रेनें चलाई गईं, जो 35% की वृद्धि है।

मेल/एक्सप्रेस और उपनगरीय ट्रेनों की समयपालनता

ट्रेनों के संचालन में वृद्धि के अलावा, मुंबई मंडल ने ट्रेनों की समयपालनता में भी उल्लेखनीय प्रगति की है, जो एक महत्वपूर्ण परिचालन मानदंड है, खासकर दैनिक रूप से संचालित होने वाले रेल यातायात की विशाल मात्रा को देखते हुए। अप्रैल से जुलाई-2025 की अवधि के दौरान, मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की समयपालनता पिछले वर्ष इसी अवधि में दर्ज 51% की तुलना में बढ़कर 57% हो गई।

इसी प्रकार, उपनगरीय ट्रेनों की समयपालनता अप्रैल से जुलाई-2025 की अवधि के लिए 93% तक पहुँच गई, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 92% से अधिक है।

केवल जुलाई-2025 में, मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों ने 56% की समयपालनता दर्ज की, जबकि जुलाई-2024 में यह 49% थी।

उपनगरीय सेवाओं में वर्ष-दर-वर्ष उल्लेखनीय सुधार देखा गया, लगातार मानसून के बावजूद समयपालनता 91% से बढ़कर 92% हो गई।

ये उपलब्धियाँ मुंबई मंडल के निरंतर प्रयासों और रणनीतिक योजना को रेखांकित करती हैं, जिसका उद्देश्य उच्च यात्री भार का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करते हुए सेवाओं की विश्वसनीयता और समयबद्धता में सुधार करना है। परिचालन उत्कृष्टता पर निरंतर ध्यान केंद्रित करते हुए, मध्य रेल का मुंबई मंडल जनता को अधिक जवाबदेही और बेहतर सेवा गुणवत्ता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए समय सीमा बढ़ी, पर ये आखिरी मौका, नहीं तो जब्त होगी गाड़ी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

पुणेः महाराष्ट्र परिवहन विभाग ने हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने की समय सीमा 30 नवंबर तक बढ़ा दी है। इसके बाद 1 दिसंबर, 2025 के बाद हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न लगवाने वाले वाहनों पर एयर स्पीड स्क्वॉड के जरिए कार्रवाई शुरू की जाएगी। दरअसल सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद महाराष्ट्र में 2019 से पहले सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाना अनिवार्य है। पुणे में 26 लाख से ज्यादा वाहनों में यह नंबर प्लेट लगवानी होगी। इसके लिए रोसमार्टा कंपनी को यह नंबर प्लेट लगाने का काम सौंपा गया है और यह नंबर प्लेट लगाने का काम चल रहा है। हालांकि, वाहनों की संख्या और एचएसआरपी नंबर प्लेट के पंजीकरण और फीटिंग में लगने वाला समय बढ़ता जा रहा है। कंपनी ने नंबर प्लेट लगाने के लिए पर्याप्त फिटमेंट सेंटर भी स्थापित नहीं किए हैं। हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाने का क्या है स्टेटस हमारे सहयोगी महाराष्ट्र टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, पुणे में अब तक केवल आठ लाख वाहन चालकों ने ही हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए पंजीकरण कराया है।

## मुंबई में 40-50 मंजिल इमारतें, पर मराठी नहीं दिखते...

### ठाकरे ब्रदर्स के बाद अब शरद पवार ने छोड़ा सियासी तीर

☞ महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और दिग्गज नेता शरद पवार ने राज्य में स्थानीय निकाय के चुनावों का ऐलान होने पहले बड़ा बयान दिया है। पवार ने कहा कि मुंबई में अब टेक्सटाइल मिलें नहीं है। यहां पर ऊंची बिल्डिंगें खड़ी हो गई हैं लेकिन इन बिल्डिंग में मराठी नहीं दिखते हैं।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र में इस साल के अंत में स्थानीय निकाय के चुनाव होने हैं। इनमें मुंबई के बहुप्रतीक्षित बीएमसी चुनाव भी शामिल हैं। चुनावों से पहले राज्य में मराठी अस्मिता का मुद्दा तूल पकड़े हुए है। इसी मुद्दे पर राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के साथ आने की उम्मीद जताई जा रही है। महाराष्ट्र में हिंदी मराठी भाषा विवाद के बाद अब शरद पवार ने बड़ा बयान दिया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने कहा है कि मुंबई में 40 से 50 मंजिल बड़ी इमारतें हैं, लेकिन इनमें कोई मराठी नजर नहीं आता है। उन्होंने कहा कि मुंबई में टेक्सटाइल मिलें खत्म हो चुकी हैं। उनके इस बयान को मराठी कार्ड के तौर पर देखा जा रहा है।

अब नजर नहीं आते हैं पुणे में किशोर पवार की जन्म शताब्दी पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बोलते हुए पवार ने मिल कामगारों समेत कई मुद्दों पर बात की। शरद पवार ने कहा कि एक समय मुंबई में मिल कामगारों का बोलबाला हुआ करता था लेकिन आज वे नजर नहीं आते हैं। पवार ने कहा कि कभी मुंबई में कामगारों का बोलबाला था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा से राज्य में कामगारों की समस्याओं को उठाने का प्रयास किया। सहकारी शक्कर कारखानों के कामगारों की समस्याओं को भी हल करने का प्रयास किया। इस दौरान बड़े पवार ने भारतीय राजनीतिज्ञ और श्रमिक संघ किशोर पवार के योगदान की काफी सराहना की। मुंबई में मराठियों की कमी के उनके बयान के अलग-अलग निहितार्थ निकाले जा रहे हैं।

### इसी साल होने हैं चुनाव

महाराष्ट्र में स्थानीय निकायों के चुनाव इस साल के अंत में होने की उम्मीद है। इसमें महायुति के गठबंधन के साथ महाविकास आघाड़ी के घटक दलों के बीच कई जगह पर फ्रेंडली फाइट होने की बात कही जा रही है। मुंबई में बीएमसी चुनाव स्थानीय निकाय चुनावों के अंतिम चरण में होने क संभावना है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे और शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे पहले से ही मराठी मुद्दों को उठा रहे हैं।

## महाराष्ट्र में अगले 3 दिन अहम, मुंबई में रिकॉर्ड बारिश, रत्नागिरी, पुणे और कोल्हापुर में IMD का रेड अलर्ट

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः मुंबई में शुक्रवार की रात से भारी बारिश हो रही है। बारिश के कारण लोगों को आषाढ़ महीने में सावन की याद आ गई। मुंबई और कोंकण में कई जगहों पर भारी बारिश हुई। सांताक्रूज में शुक्रवार सुबह 8.30 बजे से शनिवार सुबह 8.30 बजे तक 244.7 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। यह इस साल की सबसे ज्यादा बारिश है। मौसम विभाग ने बताया है कि कोंकण और घाट क्षेत्रों में मंगलवार तक भारी बारिश हो सकती है। मछुआरों को 20 अगस्त तक बीच समुद्र में न जाने की चेतावनी दी गई है। किसी भी आपात स्थिति के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं।

### मुंबई में बारिश का टूटा रिर्काड

शुक्रवार रात के बाद मुंबई में बारिश का सिलसिला और बढ़ गया। शुक्रवार शाम 5.30 बजे तक सांताक्रूज में केवल 16.7 मिमी बारिश दर्ज की गई। उसके बाद सुबह 8.30 बजे तक 244.7 मिमी बारिश हुई। शनिवार सुबह कोलाबा में 83.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। इस बारिश के कारण मध्य मुंबई में कई जगहों पर जलभराव भी हो गया। बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बना है और एक पूर्व-पश्चिम द्रोणिका भी बनी है।

### 21 तक बारिश का संभावना

क्षेत्रीय मौसम विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह अरब सागर से उठ रही हवा के कारण कोंकण क्षेत्र पर प्रभाव दिखाई दे रहा है। यह प्रभाव कम से कम अगले तीन दिनों तक जारी रहने की संभावना है। यह निम्न दबाव का क्षेत्र पश्चिम से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते हुए 18 अगस्त तक गुजरात पहुंच सकता है। 18 अगस्त तक इसकी तीव्रता कम हो जाएगी। वहीं, 18 अगस्त को बंगाल की खाड़ी में एक और निम्न दबाव का क्षेत्र बन सकता है। इसके प्रभाव से महाराष्ट्र में 21 अगस्त तक भारी बारिश की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग ने शनिवार को स्पष्ट किया।

### कोंकण के लिए बारिश का ऑरेंज अर्ट, रत्नागिरी में सोमवार तक रेड अलर्ट

शनिवार सुबह के आसपास मध्य मुंबई में भी भारी बारिश हुई। दोपहर के आसपास बारिश कुछ कम हुई, लेकिन शाम को फिर से बारिश शुरू हो गई। आज यानी रविवार के लिए पूरे कोंकण क्षेत्र के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। रत्नागिरी में आज और कल यानी रविवार और सोमवार के लिए रेड अलर्ट है, जबकि कोंकण क्षेत्र के बाकी हिस्से ऑरेंज अलर्ट पर हैं। इस दौरान कुछ जगहों पर बहुत भारी बारिश की संभावना है।

## महानगरपालिका के मुख्य कार्यालय में आयुक्त तथा प्रशासक मनोज कुमार सूर्यवंशी ने बैठक का आयोजन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



वसई विरार शहर महानगरपालिका के मुख्य कार्यालय में आयुक्त तथा प्रशासक मनोज कुमार सूर्यवंशी ने बैठक का आयोजन किया जिसमें 13वीं वसई विरार शहर महानगरपालिका मैराथन स्पर्धा की तैयारी के संदर्भ में चर्चा की गई। इस बैठक में आयुक्त महोदय के निदेर्शानुसार 13वीं वसई विरार शहर महानगरपालिका मैराथन स्पर्धा दिनांक 07 दिसंबर 2025 को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस मैराथन स्पर्धा में भाग लेने वाले धावकों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू करने हेतु आयुक्त ने संबंधित विभाग को निर्देश दिए। महानगरपालिका की 13वीं मैराथन स्पर्धा को सफलतापूर्वक और उच्च गुणवत्ता के साथ आयोजित करने के लिए उचित उपाययोजना करने के निर्देश भी आयुक्त महोदय ने इस अवसर पर दिए। मौजूद रहें अधिकारी कर्मचारी इस बैठक में आयुक्त मनोजकुमार सूर्यवंशी, अतिरिक्त आयुक्त संजय हेरवाडे, अतिरिक्त आयुक्त दीपक सावंत, मुख्य लेखा व वित्त अधिकारी इंद्रजीत गोरे, उपायुक्त दीपक झिंजाड, उपायुक्त अर्चना दिवे, उपायुक्त स्वाती देशपांडे, प्रभारी शहर अभियंता प्रदीपपाचंगे, मुख्य वैद्यकीय स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भक्ति चौधरी, क्रीडा विभाग के सहायक आयुक्त विक्टर डिसोझा, पिछले वर्ष के मैराथन इवेंट व्यवस्थापक ब्रुनो गोवेश तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## दुबई से आए NRI को मुंबई के होटल में मिली 1000 रुपये की एक कप चाय, बोला- भारत आकर लग रहा है मैं गरीब हूं

दुबई में रहने वाले भारतीय ट्रैवल व्लॉगर परीक्षित बलोची ने भारत दौरे का किस्सा बताया। ठफक ने बताया कि उसने मुंबई में चाय पी। उसे एक कप चाय के लिए एक हजार रुपये देने पड़े। वह हैरान है कि भारत में चाय इतनी मंहगी है। उसने कहा कि भारत में अब चीजें उतनी सस्ती नहीं रहीं, जितना ठफक सोचते हैं।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई : दुबई में रहने वाले एक भारतीय ट्रैवल व्लॉगर परीक्षित बलोची का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में उन्होंने किसी NRI के भारत वापस आने पर होने वाले अनुभव के बारे में बताया है। उन्होंने खास तरह के कल्चरल शॉक की बात की। परीक्षित ने मजाकिया अंदाज में कहा कि भारत में चीजें अब उतनी सस्ती नहीं रहीं, जितनी वह या दूसरे NRI सोचते थे। परीक्षित ने ह सब तब कहा, जब वह भारत आए और मुंबई में उन्होंने एक हजार रुपये वाली चाय पी। परीक्षित बलोची ने कहा कि जब वह भारत आए तो यह सोचकर आए थे कि जमकर खर्च करेंगे। उन्हें लगा कि उनके पास बहुत रुपये हैं और भारत में सामान सस्ता है, लेकिन यहां तो जब उन्होंने एक कप चाय 1000 रुपये की पी तो हैरान हो गए। इंस्टाग्राम पर शेयर किया वीडियोपरीक्षित ने कहा कि उन्हें समझ में आया कि एनआरआई होने का जो प्रिविलेज या खास फायदा वह सोचते थे, उतना है नहीं। दुबई में रेडियो प्रेजेंटर और कंटेंट क्रिएटर परीक्षित बलोची ने मुंबई में हुए अपने अनुभव का वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया।

## 36वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल कुश्ती प्रतियोगिता-2025 का शुभारंभ

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




जबलपुर । रेलवे सुरक्षा बल, जबलपुर द्वारा 36वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल कुश्ती प्रतियोगिता 2025 का आयोजन लागातार तीसरी बार किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता दिनांक 18.08.2025 से 20.08. 2025 तक रेलवे स्टेडियम जबलपुर में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में संपूर्ण भारतवर्ष से 08 विभिन्न क्षेत्रीय रेलों, उत्तर रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे, मध्य रेलवे, पश्चिम रेलवे, रेलवे सुरक्षा विशेष बल, उत्तर पश्चिम रेलवे, उत्तर पूर्व रेलवे एवं पश्चिम मध्य रेलवे की टीमों के 64 खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग ले रहे है। जिसमें 03 महिला खिलाड़ी भी शामिल है। उक्त प्रतियोगिता 57 किग्रा, 61 किग्रा, 65 किग्रा, 70 किग्रा, 74 किग्रा, 79 किग्रा, 86 किग्रा, 92 किग्रा, 97 किग्रा तथा 125 किग्रा भारवर्ग (फ्री स्टाइल) में आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन दिनांक 18.08.2025 को समय दोपहर 15:30 बजे रेलवे स्टेडियम, जबलपुर में अपर महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, श्री प्रमोद कुमार खत्री द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर महानिरीक्षक, रेलवे सुरक्षा बल, श्री राजीव कुमार यादव, मण्डल रेल प्रबंधक श्री कमल कुमार तलरेजा, उपमहानिरीक्षक श्री रजनीश कुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थिति रहेंगे। उद्घाटन समारोह में सभी टीमों के खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथी अपर महाप्रबंधक को सलामी दी जायेगी। सोमवार दिनांक 18.08.2025 को मुख्य अतिथी अपर महाप्रबंधक श्री प्रमोद कुमार खत्री एवं महानिरीक्षक श्री राजीव कुमार यादव की गरिमामय उपस्थिती में मैचों का आयोजन किया जायेगा। मैचों का संचालन राष्ट्रीय स्तर के रैफरियों द्वारा किया जा रहा है।

## पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री विवेक कुमार गुप्ता ने जगजीवन राम अस्पताल में नयी स्वास्थ्य सुविधाओं का किया उद्घाटन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबई, पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री विवेक कुमार गुप्ता ने पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन (WRWWO) की अध्यक्षा श्रीमती नीता गुप्ता के साथ शुक्रवार, 15 अगस्त, 2025 को पश्चिम रेलवे के जगजीवन राम अस्पताल (JRH), मुंबई का दौरा किया और कई नयी एवं महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पश्चिम रेलवे के अतिरिक्त महाप्रबंधक श्री प्रदीप कुमार, मुंबई सेंट्रल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री पंकज सिंह, वरिष्ठ रेल अधिकारी, चिकित्सक एवं अस्पताल के कर्मचारी उपस्थित थे। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री गुप्ता ने नवनिर्मित 6 लेवल फायर एस्केप रैम्प, नवीनीकृत प्रसूति एवं स्त्री रोग तथा शिशु वार्ड, जिसमें नया 4-बेड वाला गहन चिकित्सा कक्ष (NICU) के साथ ही ऑडियोमेट्री एवं इएफअ सुविधाओं का भी शुभारंभ किया गया। ये नई स्वास्थ्य सुविधाएँ अस्पताल की चिकित्सीय अवसंरचना को और अधिक मजबूत करेंगी तथा रोगियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करेंगी। श्री गुप्ता ने अस्पताल की उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने की प्रतिबद्धता की सराहना की तथा इसे NABH प्रमाणन प्राप्त करने वाला पहला रेल अस्पताल बनने पर बधाई दी। उन्होंने आधुनिक तकनीक अपनाने एवं सहानुभूति तथा संवेदनशीलता के साथ मरीज-केंद्रित दृष्टिकोण पर बल दिया। यह परियोजना समुदाय को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर, अस्पताल की चिकित्सा निदेशक डॉ. ममता शर्मा ने खफ अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी और विभिन्न रेल विभागों द्वारा परियोजनाओं को पूरा करने में दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। वहीं, पश्चिम रेलवे की प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. कोंडा अनुराधा ने जग जीवन राम अस्पताल के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्य की सराहना की तथा महाप्रबंधक को उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनाव के बाद कराएं SIR..

### राज्य चुनाव आयोग का ECI को खत

महाराष्ट्र चुनाव आयोग ने भारतीय चुनाव आयोग से वोटर लिस्ट में सुधार का काम स्थानीय निकाय चुनावों के बाद कराने का अनुरोध किया है। राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने इस बारे में पत्र लिखा है। महाराष्ट्र में बीएमसी चुनाव समेत कई स्थानीय निकाय चुनाव होने हैं। वोटर लिस्ट में सुधार का काम 2002 के बाद अब किया जाना है।


भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



पुणे : महाराष्ट्र चुनाव आयोग ने इलेक्शन कमिशन ऑफ इंडिया से एक खास अनुरोध किया है। यह अनुरोध राज्य की वोटर लिस्ट को लेकर है। महाराष्ट्र चुनाव आयोग ने लिखा है कि वोटर लिस्ट में सुधार का काम अभी न किया जाए। उन्होंने रकफ का काम महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनावों के बाद कराए जाने को कहा है। राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने यह अनुरोध वाला पत्र एउक को लिखा है और इसे उएड के ऑफिस के जरिए भेजा गया है। हालांकि अभी तक चुनाव आयोग से कोई जवाब नहीं आया है। लेटर में चुनाव आयुक्त ने कहा है कि महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों के लिए वॉर्ड बनाए जाएंगे। वोटर लिस्ट को भी अलग-अलग किया जाना है। इन सब कामों के लिए उन्हें स्टाफ की जरूरत होगी। ऐसे में एसआईआर का काम फिलहाल टाल दें। महाराष्ट्र में बीएमसी चुनाव समेत स्थानीय निकाय चुनाव दिवाली के बाद होने की संभावना है। होने हैं महाराष्ट्र निकाय चुनावमहाराष्ट्र में बीएमसी समेत राज्यों के स्थानीय निकाय चुनाव होने हैं। इनमें 29 नगर निगम, 290 नगर पंचायत और परिषद, 32 जिला परिषद और 336 पंचायत समितियां शामिल हैं। महाराष्ट्र में सभी निकायों का कार्यकाल बहुत पहले ही खत्म हो चुका है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद चुनाव कराए जाने हैं। अभी तक यह तय नहीं हुआ है कि वोटर लिस्ट में सुधार का काम कब होगा। 2002 में हुआ था सुधारचुनाव अधिकारियों ने कहा कि वोटर लिस्ट में इस तरह का सुधार 20-25 साल में एक बार किया जाता है। महाराष्ट्र में यह सुधार पिछली बार 2002 में हुआ था। 2002 के आंकड़े उएड ऑफिस को भेजे गए थे। उसी को आधार मानकर आगे का काम किया जा रहा है। लंबा है एसआईआर का प्रॉसेसअधिकारियों ने बताया कि वोटर लिस्ट सुधार के लिए बूथ लेवल ऑफिसर (BLO) को घर- घर जाना होता है। अगर अभी एसआईआर हुआ तो बीएलओ को 2002 की लिस्ट को लेकर हर घर में जाकर वोटर की जानकारी का सत्यापन करना होगा। जिन वोटर्स के नाम बाद में जोड़े गए हैं, उन्हें अपने पते और नागरिकता का प्रमाण देना होगा। उन वोटरों के नाम काटे जाएंगे जिनकी मृत्यु हो चुकी है या जो कहीं और चले गए हैं। इस दौरान बीएलओ को एक फॉर्म भरना होगा जो लंबा है।

# ठाणे जिले का प्रसिद्ध बारवी डैम हुआ लबालब,उच्चतम धारण क्षमता 72.60 मीटर तक पहुंचा जलस्तर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



बदलापुर. ठाणे जिले और नवी मुंबई को जलापूर्ति करने वाला अंबरनाथ और मुरबाड तहसील की सीमा पर बना प्रसिद्ध बारवी डैम शनिवार 16 अगस्त की दोपहर को अपनी निश्चित धारण क्षमता से ऊपर बहने लगा। इसके स्वचालित गेट खुल गए और बांध का अतिरिक्त पानी नदी में बहने लगा।बांध पूर्ण रूप से भरने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली और आस पास के गांवों में अलर्ट जारी कर दिया गया।विगत तीन माह मई,जून,जुलाई और 16 अगस्त तक होने वाली भारी बारिश में बांध की उच्चतम धारण सीमा 72.60 मीटर पूर्ण हो गई। महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल द्वारा संचालित बारवी डैम से अंबरनाथ,बदलापुर,तलोजा,नवी मुंबई, ठाणे शहर,डोंबिवली के साथ साथ औद्योगिक क्षेत्रों को इस बांध से ही जलापूर्ति होती है।नवी मुंबई मनपा आयुक्त डॉ कैलाश शिंदे ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्क कर दिया है।उनके द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि आपातकालीन स्थिति में घबराए नहीं और मनपा के आपातकालीन प्रबंधन प्रकोष्ठ के नंबरों पर संपर्क स्थापित करें 022-27567060, 022-27567061 और टोल फ्री नंबर 1800222309, 1800222310 संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

# अभिनव पहल 'सूखा कचरा बैंक' में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया गया सम्मानित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

नवी मुंबई , मनपा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे के मार्गदर्शन में मनपा बच्चों के मन में छोटी उम्र से ही स्वच्छता की संस्कृति डालने का प्रयास कर रहा है।ऐसी ही एक अभिनव पहल 'सूखा कचरा बैंक' के तहत छात्रों को घर पर सूखा कचरा अलग रखने की आदत डालने और उन्हें स्वयं अपने कार्यों से कचरा बिलगीकरण के महत्व को समझाने तथा अपने अभिभावकों तक पहुँचाने का प्रयास किया रहा है। इस पहल के तहत, छात्र सप्ताह में एक बार स्कूल में प्लास्टिक की बोतलें, चिप्स या चॉकलेट के कवर, टेट्रा पैक या टिन, कांच की बोतलें, घरेलू प्लास्टिक इकट्ठा करते हैं और इसके लिए उन्हें अंक दिए जाते हैं। छात्रों को उनके द्वारा एकत्र की गई वस्तुओं की मात्रा के अनुसार अंक दिए जाते हैं और उन अंकों को दर्ज करने के लिए छात्रों




को एक 'सूखा कचरा पासबुक' दी जाती है।इस पासबुक में, कक्षा शिक्षकों द्वारा उनके द्वारा एकत्र किए गए सूखे कचरे की मात्रा के अनुसार दिए गए अंक दर्ज किए जाते हैं।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मनपा मुख्यालय में संत ज्ञानेश्वर महाराज की 750वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष कार्यक्रम 'भक्तिरंग' में मनपा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे ने सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले तीन विद्यार्थियों को सम्मानित किया। ह्यजीरो प्लास्टिक स्टार्ट्स विद मीह्ल - बच्चों में विश्वास जगाने, उन्हें इस दिशा में सीधे कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करने और इसके लिए उनकी प्रशंसा करने वाली यह पहल विद्यार्थियों में स्वच्छता और प्लास्टिक से बचाव का भाव जगाती है।इसमें स्कूल क्रमांक 10 नेरुलगांव के छात्र यश साठे को सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दूसरा पुरस्कार स्कूल क्रमांक 107 तुभेगांव के छात्र अर्जुन ढोंडी ने जीता और तीसरा पुरस्कार स्कूल क्रमांक 117 दिवालेगांव के छात्र आर्य सिंह ने जीता।विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप चित्रकला सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर रेवती कैलास शिंदे के साथ, अतिरिक्त आयुक्त सुनील पवार, नगर अभियंता शिरीष आर्डवाड, नगर नियोजन संयुक्त निदेशक सोमनाथ केकन, जोन 1 के उपायुक्त सोमनाथ पोटरे, सामाजिक विकास उपायुक्त किसनराव पलांडे, चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत जावड़े, अतिक्रमण विभाग के उपायुक्त डॉ. कैलास गायकवाड़, अतिरिक्त नगर अभियंता अरविंद शिंदे, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के उपायुक्त डॉ. अजय गाडे और श्रीमती स्मिता काले, नगर सचिव चित्रा बाविस्कर, खेल एवं सांस्कृतिक विभाग की उपायुक्त अभिलाषा म्हात्रे और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।'सूखा कचरा बैंक' एक अनूठी पहल है जिसका उद्देश्य नवी मुंबई के बच्चों में स्कूल के दिनों से ही स्वच्छता के प्रति प्रेम जगाना, उनके मन में कचरा अलग-अलग करने की आदत डालना और स्वच्छता की आदत को स्कूल के मूल्यों में शामिल करना है।इसे स्कूली बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों का भी उत्साहजनक समर्थन मिल रहा है।

फास्ट ट्रैक

# जलालाबाद में परिवार पर हमला

## पुरानी रंजिश में दंपति समेत परिवार के 5 लोगों को लाठी-डंडों से पीटा, 5 आरोपी नामजद

शाहजहांपुर, थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव नगरिया बुजुर्ग में एक परिवार पर हमले का मामला सामने आया है। पीड़िता अंगूरी ने पुलिस को बताया कि बांकेलाल की पत्नी वती, उनके बेटे अंदरी, नरेंद्र, धर्मवीर और बांकेलाल ने उनके घर पर हमला किया। आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते पहले गालियां दीं। फिर लाठी-डंडों और लात-घूंसों से अंगूरी, उनके पति



अभयपाल, सास संतरा और निर्मला को पीटा। हमले में सभी पीड़ितों को गंभीर चोटें आईं। आरोपियों ने जाते समय धमकी दी कि अगर पुलिस में शिकायत की तो जान से मार देंगे। पीड़िता ने रविवार सुबह 10 बजे थाने में शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर पांचों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

# अंबरनाथ के अग्निशमन कर्मी भागवत सोनावने राष्ट्रपति अग्निशमन सेवा पदक के लिए चयनित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ.अंबरनाथ तहसील के अग्निशमन और आपातकालीन विभाग प्रमुख भागवत सोनावने को अपने सेवा कार्य में पूर्ण कर्तव्यनिष्ठता,ईमानदारी और सेवाभाव के लिए 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति अग्निशमन सेवा पदक के लिए चयनित करने की घोषणा की गई है। सोनावने ने अंबरनाथ और बदलापुर शहरों में अग्निशमन व्यवस्था में उत्कृष्ट कार्य किया है। उनके कार्यकाल में बदलापुर पूर्व और पश्चिम में अलग-अलग अग्निशमन केंद्रों का निर्माण संभव हुआ। अंबरनाथ और बदलापुर दोनों शहरों में ऊंची ऊंची ईमारतों में आपातकालीन अवस्था में अग्नि नियंत्रण के लिए 70 मीटर ऊँची सीढ़ियों वाले आधुनिक अग्निशमन वाहनों की संयुक्त खरीद भी इन्हीं के कार्यकाल में हुई। अंबरनाथ में तीन अग्निशमन स्टेशनों का आधुनिकीकरण उनके कार्यकाल में हुआ। अग्निशमन विभाग में संविदा के आधार पर भर्ती और पुरानी गाड़ियों के स्थान पर 7 नई दमकल गाड़ियों ने अग्निशमन विभाग की दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि की है।महालक्ष्मी एक्सप्रेस के यात्रियों को बहादुरी से बचाना और कोविड काल के दौरान उनके द्वारा किए गए कार्य उनकी कार्यकुशलता का प्रतीक हैं।पूर्व में उनके कार्यों से खुश होकर दोनों नगर पालिकाओं द्वारा उन्हें सेवा पदक से सम्मानित किया जा चुका है।13 अगस्त को उन्हें मुंबई के ताज होटल में 'सुरक्षित भारत नायक पुरस्कार 2025' से सम्मानित भी किया गया है।राष्ट्रपति पदक की घोषणा होते ही भागवत सोनावने को हर जगह बधाई दी जा रही है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए भागवत सोनावने ने कहा है कि अग्निशमन विभाग में विगत 22-23 वर्षों की मेरी सेवा रंग लाई है।मुझे बहुत खुशी है कि भारत सरकार ने दिल्ली दरबार में मेरे काम को ध्यान में रखते हुए मुझे राष्ट्रपति पदक देने की घोषणा की है। इस घोषणा से मुझे भविष्य में और भी ज्यादा मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

# पुनर्नवीनीकृत प्लास्टिक के ढक्कनों से बनी पर्यावरण-अनुकूल तिरंगा पट्टिका

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नवी मुंबई , नागरिकों को अपने दैनिक उपयोग से पर्यावरण के लिए हानिकारक प्लास्टिक को हटाने और प्लास्टिक-मुक्त नवी मुंबई की अवधारणा को साकार करने में स्वैच्छिक योगदान देने के लिए, मनपा ने गैर-सरकारी संगठन 'प्रोजेक्ट मुंबई' के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।एक अभिनव पहल 'नवी मुंबई प्लास्टिक और ई-वेस्ट रीसाइक्लाथॉन' का क्रियान्वयन कर रहा है।इस व्यापक पहल में, पुनर्नवीनीकृत प्लास्टिक से विभिन्न उपयोगी वस्तुएँ बनाई जा रही हैं और प्लास्टिक को 3-आर सिद्धांतों के अनुसार पुनर्नवीनीकृत किया जा रहा है। इसी प्रकार, 'घरघरी तिरंगा - घरघरी स्वच्छता' अभियान के अंतर्गत, पुनर्नवीनीकृत प्लास्टिक की बोतल के ढक्कनों से बनी तिरंगा पट्टिका का अनावरण स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मनपा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे द्वारा किया गया।इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त सुनील पवार और डॉ. राहुल गेठे, प्रशासन विभाग के उपायुक्त भागवत डोईफोडे, नगर अभियंता शिरीष आर्डवाड, मुख्य लेखा एवं वित्त अधिकारी सत्यवान उबाले, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के उपायुक्त डॉ. अजय गाडे और श्रीमती स्मिता काले, अतिरिक्त नगर अभियंता अरविंद शिंदे और अन्य विभाग प्रमुख एवं अधिकारी उपस्थित थे।

2460 पुनर्चक्रित प्लास्टिक के ढक्कनों से निर्मित तिरंगा पट्टिका की यह प्रतिकृति मनपा मुख्यालय परिसर में ही प्रदर्शित की जाएगी और इसके माध्यम से विभिन्न कारणों से मनपा मुख्यालय आने वाले नागरिकों की आँखों के सामने प्लास्टिक मुक्ति का संदेश रखा जाएगा।इस परियोजना के अंतर्गत, प्रोजेक्ट मुंबई संस्था द्वारा विभिन्न विभागों जैसे हाउसिंग सोसाइटियों, कॉलोनियों, कॉर्पोरेट समूहों, शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न माध्यमों का उपयोग करके बड़े पैमाने पर जनजागृति पैदा की जा रही है। इसी प्रकार, पंजीकृत संगठनों और सोसाइटियों से प्लास्टिक और ई-कचरा संग्रहण शुरू हो गया है। यह तिरंगा पट्टिका भी उन्हीं एकत्रित प्लास्टिक के ढक्कनों से बनाई गई है। परियोजना के पहले चरण में 250 से ज्यादा सोसायटियों का पंजीकरण किया जा रहा है और इसके जरिए लगभग 2 लाख नागरिक इस पहल से जुड़ रहे हैं।नवी मुंबई मनपा की भूमिका यह सुनिश्चित करना है कि नवी मुंबई के नागरिकों में प्लास्टिक कचरे को कम करने और पुनर्चक्रण की आदत डाली जाए और इसके जरिए नवी मुंबई शहर को 'प्लास्टिक मुक्त शहर' के साथ-साथ एक स्वच्छ और सुंदर शहर के रूप में भी जाना जाए। इसके लिए नवी मुंबई के नागरिक स्वेच्छा से अपना सक्रिय योगदान देंगे।मनपा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे ने ऐसा विश्वास व्यक्त किया है।

# कृष्ण जन्माष्टमी पर 73 साल पुरानी परंपरा

## तीन मंदिरों से निकला श्रीकृष्ण का डोल, ढोल-नगाड़ों की धुन पर भक्तों ने किया जलूस



मिर्जापुर, मिर्जापुर के अदलहाट क्षेत्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर 17 अगस्त 2025 को भव्य डोल यात्रा निकाली जाएगी।यह परंपरा 1950 से चली आ रही है, जिसकी शुरूआत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. मुकुंद लाल वर्मा ने की थी।गरौड़ी स्थित प्राचीन शिव मंदिर से डोल यात्रा का आयोजन ग्राम सभा की ओर से किया जाएगा।इसके साथ ही अदलहाट बाजार के इब्राहिमपुर ग्राम सभा के राधाकृष्ण मंदिर से भी श्रीकृष्ण का डोल निकाला जाएगा। तीनों डोल बाजार का भ्रमण करते हुए प्राचीन शिवाला मंदिर पहुंचेंगे। वहां कुछ समय रुकने के बाद अपने-अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करेंगे।डोल यात्रा में पुजारी संतोष तिवारी, प्रभाकर गुप्ता, बालक दास पांडेय, आकाश, राहुल, छोटेलाल, संकटा प्रसाद, लालता मौर्य, मेवा लाल और अमरनाथ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

# महात्मा गांधी विद्यालय अंबरनाथ में अंतरविद्यालयीन मानसून कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ.अंबरनाथ की दि एजुकेशन सोसाइटी के संस्थापक स्वर्गीय भाऊ साहेब परांजपे की स्मृति में अंबरनाथ पश्चिम स्थित महात्मा गांधी विद्यालय मे विगत दिनों अंतरविद्यालयीन मानसून कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में दि एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों जैसे महात्मा गांधी विद्यालय और कन्या महाविद्यालय, शिवाजी अबाजी कोलकर विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय अन्दाड़,भाऊ साहेब परांजपे पंचकोशधारित गुरुकुल, पी.डी.करखानिस महाविद्यालय, गोखले राहलकर विद्यालय, भगिनी शाला मंडल स्कूल के छात्रों ने इन प्रतियोगिताओं में सहभाग किया। अंडर-14 आयु के बालक वर्ग में शिवाजी आबाजी कोलकर विद्यालय की टीम विजेता घोषित हुई और माध्यमिक विद्यालय अंदड़ की टीम उपविजेता रही। अंडर-17 आयु बालिका वर्ग में भाऊसाहेब परांजपे पंचकोषधारित गुरुकुल विद्यालय विजेता और माध्यमिक विद्यालय अंदड़ उपविजेता रही। अंडर 19 आयु बालिका वर्ग में महात्मा गांधी विद्यालय विजेता रही।विजेता टीमों को प्रमाण पत्र और रोटेटिंग कप देकर सम्मानित किया गया। इस खेल प्रतियोगिता के अवसर पर रामजीत गुप्ता, श्रीनिवास वाल्मीकि, अमर राणे, श्री कुमार नायर, नवमी बेस्टिन, डिंपल शाह, तुकाराम पाटिल, दिलीप साठे,



प्रा.भगवान चक्रदेव, पंकज भालेराव, दीपक चव्हाण, विलास गायकर, भावेश पाटिल के साथ ही दि एजुकेशन सोसाइटी के पदाधिकारी, शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे। प्रतियोगिता का परिचय प्रस्ताव माणिक पाटिल ने दिया और आभार प्रदर्शन प्राचार्य संतोष भणगे ने किया। कार्यक्रम का संचालन वैशाली जोशी, वैशाली नरखेड़े ने किया।

# पति से विवाद में महिला ने खाया जहर

## मिर्जापुर में पति के जाने पर पत्नी ने की आत्मघाती कोशिश, अस्पताल मे चल रहा इलाज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, संतनगर थाना क्षेत्र के खनवर मझारी में एक दर्दनाक घटना सामने आई। 35 वर्षीय पार्वती ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। घटना उस समय हुई जब उनके पति बब्बू गांव में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम में गए थे। पार्वती और उनके पति बब्बू के बीच आपसी विवाद चल रहा था। पति के कार्यक्रम में जाने के बाद पार्वती ने घर में रखी भंटा के कीटनाशक का सेवन कर




लिया। कुछ देर बाद वह अचेत हो गईं। जैसे ही बब्बू को इस घटना की जानकारी मिली, वह तुरंत घर पहुंचे। वे पार्वती को निजी वाहन से पीएचसी पटेहरा ले गए। वहां डॉक्टर राजकुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष संतनगर राजेश राम ने कहा कि इस मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कश्मीर में शहीद हुए जवान को श्रद्धांजलि

- बारामूला में आतंकियों से लड़ते हुए दी थी जान, बलिदान दिवस पर ग्रामीणों ने किया नमन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मिर्जापुर, छानबे क्षेत्र में शहीद रवि कुमार सिंह का पांचवां बलिदान दिवस मनाया गया। कश्मीर के बारामूला सेक्टर में देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए रवि कुमार को श्रद्धांजलि देने बड़ी संख्या में लोग जुटे। माता रेखा सिंह और पिता संजय सिंह ने पुत्र की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। तस्वीर देखते हुए मां की आंखों से आंसू निकल पड़े। 27 वर्षीय रवि कुमार ने बारामूला में आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान कई आतंकियों को मार गिराया था। वे घात लगाकर किए गए हमले में शहीद हो गए थे। जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कन्नौजिया ने कहा कि रवि कुमार जैसे वीर जवानों की वजह से देश सुरक्षित है। छानबे विधायक रिंकी कोल ने कहा कि गांव का यह बेटा पूरे क्षेत्र और देश का गौरव है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संघचालक अंगराज सिंह, राजा अनिल प्रताप सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज जायसवाल और अनिल सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने अमर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सहकर्मी ने महिला से की छेड़छाड़

## मोबाइल छीना, फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर डाले, शिकायत दर्ज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर , पुवायां थाना क्षेत्र में रक्षाबंधन के दिन एक विवाहिता के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। जठियापुर गांव के पास कटरा निवासी शाकिर ने मायके जा रही महिला को रोका और उससे मारपीट की। आरोपी ने महिला का मोबाइल छीन लिया और उसमें से फोटो-वीडियो निकालकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। पीड़िता ने बताया कि शाकिर से उसकी पहचान ईट भट्टे पर काम करने के दौरान हुई थी। दोनों के



परिवार वहां ईट पथाई का काम करते थे। भट्टे से वापस आने के बाद से शाकिर लगातार फोन कर उसे परेशान कर रहा था। पीड़िता के परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए महिला का मेडिकल परीक्षण कराया। आरोपी शाकिर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कोतवाली प्रभारी रविकरन सिंह ने बताया कि पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बरनवाल समाज का रक्तदान शिविर

## 39 लोगों ने कराया पंजीकरण, 22 यूनिट रक्त एकत्र

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, मिर्जापुर के जिला अस्पताल रक्तदान केंद्र पर बरनवाल सेवा समिति और बरनवाल महिला समिति द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे जरूरतमंदों को समय पर रक्त मिल सकता है।

शिविर में समिति के अध्यक्ष विजय बरनवाल, मंत्री संजय बरनवाल और कोषाध्यक्ष पवन बरनवाल ने नेतृत्व किया। महिला समिति से अध्यक्ष सोनी बरनवाल, मंत्री आराधना बरनवाल और कोषाध्यक्ष कविता बरनवाल मौजूद रहीं। शिविर में 39 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिसमें से 22 यूनिट रक्त एकत्र हुआ।समिति के संरक्षक ई.




विवेक बरनवाल ने कहा कि बरनवाल समाज ने रक्तदान की परंपरा को आगे बढ़ाकर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। रक्तदान केंद्र प्रभारी रामकुमार गुप्ता और उनकी टीम ने शिविर को व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया। शिविर में रमन, रत्नेश, कविता, दीपा, आकाश और रत्ना सहित कई लोग उपस्थित रहे।

समाज के अध्यक्ष विजय बरनवाल ने बरनवाल महिला समिति की संरक्षिका उमा बरनवाल और सतीष बरनवाल को उनके विशेष योगदान के लिए धन्यवाद दिया।

# रोड दुर्घटना में बेटी की मौत, मां घायल




- ट्रक और बाइक की टक्कर से हुई दुर्घटना, परिजनों में मचा कोहराम

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, मिर्जापुर के पड़री थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। डगमगपुर से बरगवा संपर्क मार्ग पर पूर्वाह्न 3 बजे गिट्टी से भरे 22 चक्का हाइवा ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 12 वर्षीय शिखा की मौके पर मौत हो गई। घटना में शिखा की मां भगवन्ती देवी (34) गंभीर रूप से घायल हो गई ।बाइक चला रहे मामा लाला (रामनंदन के पुत्र) बाल-बाल बच गए। तीनों तेंदुआ कला गांव से चुनार स्थित बहरामागंज अपने बहन को पहुंचाने बाइक से बहन के घर जा रहे थे। शिखा अपनी मां के साथ रक्षाबंधन पर अपने मां के साथ तेंदुआ कला आई थी । घायल मां को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पड़री में भर्ती कराया गया। जहा प्राथमिक उपचार के बाद प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आनंद कुमार सिंह ने बेहतर इलाज हेतु मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया ।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक
(भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण
(भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# दावा-रूस ने अबतक 21 हजार यूक्रेनी बच्चों को किडनैप किया

## इन्हें ब्रेनवॉश करके यूक्रेन के खिलाफ ही जंग लड़ने भेजा जा रहा

एजेंसी

कीव, यूक्रेन की सिक्योरिटी सर्विस (एसबीयू) ने दावा किया है कि जंग शुरू होने के बाद से रूस ने अब तक 21 हजार यूक्रेनी बच्चों को किडनैप किया है। इन बच्चों को अलग-अलग ठिकानों पर रखकर उन्हें यूक्रेन के खिलाफ जंग लड़ने के लिए ब्रेनवॉश किया जा रहा है। वहीं, येल यूनिवर्सिटी के रिसर्च ग्रुप ने पब्लिक डेटाबेस और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए ऐसे 8400 से ज्यादा बच्चों की पहचान की है, जिन्हें यूक्रेन से प्लानिंग के तहत रूस भेजा गया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कुछ अरसा पहले कहा था कि हम कम से कम 11,000 बच्चों के नाम तो जानते हैं, जिन्हें जबरन रूस भेजा गया है। एसबीयू ने ऐसी करीब 150 जगहों का पता लगाया है, जहां इन बच्चों को या तो कैम्पों में या उनके कथित दत्तक परिवारों के पास रखा गया है। कुछ बच्चों को



मिलिट्री स्कूलों में भर्ती किया गया है। अब तक रूस ने सिर्फ 1200 यूक्रेनी बच्चों को ही वापस भेजा है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) इन बच्चों की किडनैपिंग को वॉर क्राइम करार दे चुका है। वहीं नीदरलैंड्स के हेग स्थित इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) इस मामले में रूसी राष्ट्रपति पुतिन को वॉर क्रिमिनल घोषित करके उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर चुका है। बीते कुछ महीनों में ट्रम्प के साथ अपनी बातचीत में जेलेंस्की ने बार-बार गुमशुदा बच्चों का मुद्दा उठाया है। मई में अमेरिकी सीनेट के एक ग्रुप ने भी एक प्रस्ताव पेश कर कहा था कि रूस के साथ किसी भी शांति समझौते को अंतिम रूप देने से पहले सभी यूक्रेनी बच्चों की वापसी तय होनी चाहिए। जंग शुरू होने के बाद से अब तक 50 लाख यूक्रेनी बच्चे को पलायन करना पड़ा है। इससे बच्चों के शिक्षा संबंधी और अन्य अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। इसके अलावा उन 16 लाख बच्चों को सबसे ज्यादा मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है, जो यूक्रेन के उन हिस्सों में रह रहे हैं, जिन पर अब रूस का कब्जा है। रूस ने यूक्रेन के करीब 20% हिस्से, यानी लगभग 1 लाख 14 हजार 500 वर्ग किलोमीटर पर कब्जा कर रखा है। इसमें क्रीमिया, डोनेट्स्क, लुहांस्क, खेरसॉन, और जापोरिजिया जैसे क्षेत्र शामिल हैं। फरवरी 2022- रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के हमले का ऐलान करते ही यूक्रेन में रूसी टैंक धड़धड़ाते हुए घुसने लगे। तब के अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन बोले- पुतिन से बातचीत का कोई प्लान नहीं है।

उन्होंने पूरी दुनिया को खतरे में डाल दिया है। रूस को यूक्रेन पर हमले की गंभीर कीमत चुकानी होगी। फरवरी 2025- अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पुतिन से फोन पर 90 मिनट तक बात की। इसके बाद सऊदी अरब में यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस और अमेरिकी के बीच हाई लेवल मीटिंग हुई। इसमें यूक्रेन को नहीं रखा गया। ट्रम्प ने पुतिन की तारीफ की और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को तानाशाह कह दिया। मई 2025- रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए शांति बातचीत 2025 में तेज हुई, खासकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पहल के बाद। हाल के दिनों में कैदी अदला-बदली हुई है, लेकिन क्षेत्रीय नियंत्रण और सुरक्षा गारंटी पर मतभेद बने हुए हैं।


# न्यूयॉर्क के होटल में गोलीबारी, 3 की मौत, 8 घायल

## आपसी विवाद के बाद हमला; आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिका के न्यूयॉर्क में रविवार को कई बंदूकधारियों ने ब्रुकलिन के एक होटल में लोगों पर गोलीबारी कर दी, जिसमें 3 लोग मारे गए और 8 घायल हो गए। ब्रुकलिन पुलिस कमिश्नर के मुताबिक, आपसी विवाद के बाद इस घटना को अंजाम दिया गया। मरने वाले तीनों पुरुष हैं।

घायलों को फौरन पास के अस्पतालों में एडमिट किया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी



नहीं हुई है। घटनास्थल से 36 कारतूस और एक बंदूक बरामद हुई है। पुलिस सीसीटीवी की मदद से सबूत जुटा रही है। जिस होटल में गोलीबारी की गई उसका नाम 'टेस्ट ऑफ द सिटी लाउंज' है, इसे 2022 में खोला गया था और यह अमेरिकी और कैरेबियन व्यंजनों, हुक्का, बार और डीजे म्यूजिक के लिए फेमस है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में रेस्टोरेंट के अंदर खून के धब्बे और टूटे शीशे बिखरे नजर आ रहे हैं।

### न्यूयॉर्क में इस साल गोलीबारी की 412 घटनाएं दर्ज


न्यूयॉर्क में इस साल जनवरी से जुलाई तक गोलीबारी की कुल 412 घटनाएं दर्ज की गई हैं, जो बीते सालों के मुकाबले सबसे कम है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, न्यूयॉर्क में 2021 में गोलीबारी की 1562 घटनाएं, 2022 में 1261 घटनाएं, 2023 में 974 घटनाएं और 2024 में 903 घटनाएं दर्ज की गई।

# ट्रम्प ने वॉशिंगटन डीसी में नेशनल गार्ड की तैनाती बढ़ाई

## तीन राज्यों से 700 सैनिक बुलाए; राष्ट्रपति बोले थे- राजधानी में हालात काबू से बाहर

एजेंसी

वॉशिंगटन डी सी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प राजधानी वॉशिंगटन डीसी में और ज्यादा गार्ड तैनात करने की तैयारी कर रहे हैं। उनके आदेश पर वेस्ट वर्जीनिया, साउथ कैरोलिना और ओहियो के गवर्नरों ने शनिवार को अपने राज्यों के नेशनल गाड्र्स को वॉशिंगटन भेजने की घोषणा की है। वेस्ट वर्जीनिया से 300-400, साउथ कैरोलिना से 200 और ओहियो से करीब 150 नेशनल गार्ड आएंगे। अभी वॉशिंगटन में 800 नेशनल गाड्र्स तैनात हैं। इन्हें सीधा ट्रम्प कंट्रोल करते हैं। इन तीन राज्यों से लगभग 700 एक्स्ट्रा सैनिकों के आने से वॉशिंगटन में नेशनल गार्ड की संख्या लगभग दोगुनी हो जाएगी। हालांकि नेशनल गाड्र्स की तैनाती को लेकर शनिवार को लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। इससे पहले 12 अगस्त को ट्रम्प ने वॉशिंगटन को केंद्र सरकार के कंट्रोल में ले लिया था। उन्होंने कहा कि राजधानी में हालात काबू से बाहर हैं, राजधानी में बिगड़ी कानून व्यवस्था को फिर से पटरी पर लाना जरूरी है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा था कि उन्होंने राजधानी में 'डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया होम रूल एक्ट की धारा 740' लागू कर दी है। इसका मतलब है कि डीसी मेट्रोपॉलिटन पुलिस अब सीधे केंद्र सरकार के नियंत्रण में काम




करेगी। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में कहा, 'हमारी राजधानी को हिंसक गिरोहों और अपराधियों ने घेर लिया है। 2024 में हिंसक अपराध 30 साल के निचले स्तर पर पहुंचे। हम नेशनल गार्ड की मदद से कानून और व्यवस्था बहाल करेंगे।' इस साल वॉशिंगटन डीसी में 98 लोगों का कत्ल हो चुका है और नस्लीय झगड़ों के कारण 3782 लोग बेघर हुए हैं। अमेरिका में ट्रम्प के इस कदम की आलोचना हो रही है। वॉशिंगटन की मेयर म्यूरियल बोउजर ने कहा- शहर में क्राइम नहीं बढ़ा है। पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में हिंसक अपराध 35% कम हुआ और 2025 के पहले सात महीनों में 26% की कमी आई। कुल अपराध भी 7% घटा है। हालांकि, गोलीबारी चिंता का विषय है। 2023 में अमेरिका में गोलीबारी से होने वाली हत्याओं में वॉशिंगटन तीसरे स्थान पर था। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा उन्होंने 1970 के होम रूल एक्ट का इस्तेमाल किया है। यह राष्ट्रपति को अधिकार देता है कि वह इमरजेंसी की हालत में 48 घंटे तक शहर की पुलिस का नियंत्रण ले सकते हैं। कानून के मुताबिक, अगर राष्ट्रपति वॉशिंगटन डीसी से जुड़े कानून बनाने वाली संसद की समितियों के अध्यक्ष और सदस्यों को इसकी जानकारी दे दें, तो पुलिस का नियंत्रण लंबे समय तक रखा जा सकता है। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि ट्रम्प ने यह औपचारिक सूचना दी है या नहीं।

नियम के मुताबिक अगर शहर पर कंट्रोल 30 दिनों से ज्यादा रखना हो, तो इसके लिए संसद में कानून पास कराना जरूरी होता है। ट्रम्प ने हाल ही में लॉस एंजिल्स में भी 5 हजार नेशनल गार्ड तैनात किए थे, जिसका स्थानीय नेताओं ने विरोध किया था। वॉशिंगटन में नेशनल गार्ड की तैनाती का अधिकार राष्ट्रपति के पास है, क्योंकि यह केंद्र शासित क्षेत्र है।

# गाजा से लोगों को हटाना नरसंहार की नई लहर, इजराइल पर हमास ने लगाए आरोप

एजेंसी

फिलिस्तीनी उग्रवादी समूह हमास ने रविवार को इजराइल की नई योजना को 'नरसंहार और विस्थापन की एक नई लहर' बताया है। यह योजना गाजा शहर के निवासियों को दक्षिणी गाजा में स्थानांतरित करने की है। हमास ने इसे 'सरासर धोखा' करार दिया। इजराइली सेना ने कहा है कि वह गाजा के निवासियों को युद्ध क्षेत्रों से सुरक्षित स्थानों पर ले जाने के लिए दक्षिणी गाजा में तंबू और अन्य आश्रय सामग्री उपलब्ध कराने की तैयारी कर रही है। इसके जवाब में, हमास ने एक बयान में कहा




कि मानवीय सहायता के नाम पर तंबू लगाना सिर्फ एक दिखावा है, जिसका मकसद एक 'क्रूर अपराध' को छुपाना है, जिसे इजराइल अंजाम देने की तैयारी कर रहा है। इजराइल ने इस महीने की शुरूआत में घोषणा की थी कि वह गाजा के सबसे बडे शहरी केंद्र, उत्तरी गाजा शहर पर नियंत्रण हासिल करने के लिए एक नया आक्रमण शुरू करेगा। इस योजना ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढा दी है, क्योंकि गाजा में लगभग 22 लाख लोग रहते हैं। यह युद्ध 7 अक्टूबर, 2023 को शुरू हुआ था, जब हमास ने दक्षिणी इजराइल पर हमला किया था। इस हमले में 1,200 लोग मारे गए और 251 लोगों को बंधक बना लिया गया था। माना जाता है कि बंधक बनाए गए लोगों में से लगभग 20 अभी भी

**हमास ने इजराइल की गाजा शहर के निवासियों को दक्षिणी गाजा में स्थानांतरित करने की योजना को 'नरसंहार और विस्थापन की नई लहर' करार दिया है। इजराइल इसे सुरक्षा उपाय बता रहा है, लेकिन हमास का आरोप है कि तंबू लगाना एक 'क्रूर अपराध' को छुपाने का प्रयास है क्योंकि इजराइल गाजा शहर पर बड़े हमले की तैयारी कर रहा है।**

गाजा में जीवित हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, हमास के खिलाफ इजराइल के बाद के सैन्य हमलों में 61,000 से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। इस युद्ध के कारण गाजा में भुखमरी का संकट भी पैदा हो गया है, अधिकांश आबादी विस्थापित हो चुकी है और पूरा इलाका खंडहर में तब्दील हो गया है।

# गुरुग्राम में एल्विश यादव के घर कई राउंड फायरिंग, बाल-बाल बचे परिजन, हमलावरों की तलाश जारी



एजेंसी

रविवार सुबह बिग बॉस विजेता एल्विश यादव के गुरुग्राम स्थित घर पर अज्ञात हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोलीबारी की। पुलिस के अनुसार, यह घटना सुबह करीब 5:30 बजे सेक्टर 57 में हुई, जब बाइक पर सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने उनके घर पर 20 से 24 राउंड से भी ज्यादा गोलियां चलाईं और फिर मौके से फरार हो गए।

### घटना के समय घर पर नहीं थे एल्विश

जिस समय हमला हुआ, एल्विश यादव घर पर नहीं थे। वह अपने काम के सिलसिले में शहर से बाहर थे। हालांकि, उनके परिवार के कुछ सदस्य और केयरटेकर घर के अंदर ही मौजूद थे, लेकिन सौभाग्य से किसी को चोट नहीं आई। गुरुग्राम पुलिस के जनसंपर्क अधिकारी संदीप कुमार ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि तीन नकाबपोश बदमाशों ने गोलीबारी की। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर फोरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए। साथ ही, इलाके के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। इस घटना के बाद, पुलिस ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और परिवार की ओर से शिकायत दर्ज होने

**एल्विश यादव के गुरुग्राम स्थित घर पर सुबह-सुबह ताबड़तोड़ फायरिंग से हड़कंप मच गया! अज्ञात बदमाशों ने 20-24 राउंड गोलियां चलाईं, लेकिन किस्मत से बिग बॉस विजेता एल्विश घर पर मौजूद नहीं थे और उनका परिवार सुरक्षित है। गुरुग्राम पुलिस ने हमलावरों की तलाश तेज कर दी है।**

के बाद आगे की जांच की जाएगी।

### परिवार को नहीं मिली थी कोई धमकी

एल्विश यादव के पिता ने बताया कि इस घटना से पहले उन्हें किसी भी तरह की कोई धमकी नहीं मिली थी। उन्होंने यह भी कहा कि हमलावरों ने मोटरसाइकिल से आकर गोलीबारी की। उनमें से दो बाइक से उतरे और अंधाधुंध गोलियां चलाईं, जबकि एक बाइक पर ही बैठा रहा।

### कौन हैं एल्विश यादव?

27 वर्षीय एल्विश यादव एक लोकप्रिय यूट्यूबर हैं, जिन्होंने 2023 में बिग बॉस ओटीटी 2 जीतकर काफी शोहरत हासिल की थी। उनके लाखों फॉलोअर्स हैं। वे म्यूजिक वीडियो और फिल्मों में भी काम कर चुके हैं। हालांकि, एल्विश का नाम विवादों में भी रहा है। पिछले साल, उन्हें नोएडा पुलिस ने रेव पार्टियों में सांप के जहर के इस्तेमाल के आरोप में गिरफ्तार किया था। बाद में उन्हें जमानत मिल गई थी

# निर्वाचन आयोग के कंधों पर लोकतंत्र बचाने का ऐतिहासिक दायित्व : अखिलेश

## आयोग का एक सही और साहसिक कदम देश की अनंत पीढ़ियों का भविष्य और कल्याण सुनिश्चित कर सकता है

**निर्वाचन आयोग को सुधार ही नहीं, आमूलचूल परिवर्तन की अपरिहार्यता है। आज लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व उसके कंधों पर है। माना उनके ऊपर कई प्रकार के अवांछित दबाव काम कर रहे हैं लेकिन वो ये न समझे कि वो अकेले हैं।**

एजेंसी

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि वर्तमान में लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व निर्वाचन आयोग के कंधों पर है और जब आयोग सही रास्ते पर चल पड़ेगा तो करोड़ों भारतवासियों का साथ उनका रक्षा कवच बन जाएगा। यादव ने यहां जारी एक बयान में कहा कि आयोग का एक सही और साहसिक कदम देश की अनंत पीढ़ियों का भविष्य और कल्याण



सुनिश्चित कर सकता है। उन्होंने कहा, निर्वाचन आयोग को सुधार ही नहीं, आमूलचूल परिवर्तन की अपरिहार्यता है। आज लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व उसके कंधों पर है। माना उनके ऊपर कई प्रकार के अवांछित दबाव काम कर रहे हैं लेकिन वो ये न समझे कि वो अकेले हैं। यादव ने कहा, जब निर्वाचन आयोग सही रास्ते पर चल निकलेगा तो करोड़ों भारतवासियों का साथ उनका रक्षा कवच बन जाएगा। सत्य के मार्ग पर चलनेवालों के साथ जनता और जनविश्वास स्वयं चलने लगता है। निर्वाचन आयोग का एक सही और साहसिक कदम देश की अनंत पीढ़ियों का भविष्य और कल्याण सुनिश्चित कर सकता है। सबको अंतरात्मा की आवाज सुननी चाहिए। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, समाजवादी पार्टी ने वोट की डकैती के 18 हजार शपथ पत्र भारत निर्वाचन आयोग को दिए लेकिन कार्रवाई सिफर रही। उन्होंने कहा कि गलत कार्यों और कारनामों की एक लंबी फेहरिस्त बनती जा रही है, जिनका न तो अब तक कोई जवाब आया है और ह्लन ही हमारे दिए गए हलफनामों काह्न कोई उत्तर मिला है। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा है कि चुनाव आयोग को सुधार हीं नहीं, आमूलचूल परिवर्तन की अपरिहार्यता है. आज लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व उनके कंधों पर है. माना उनके ऊपर कई प्रकार के अवांछित दबाव काम कर रहे हैं लेकिन वो ये न समझें कि वो अकेले हैं. जब चुनाव आयोग सही रास्ते पर चल निकलेगा तो करोड़ों भारतवासियों का साथ उसका रक्षा कवच बन जाएगा. सत्य के मार्ग पर चलनेवालों के साथ जनता और जन विश्वास स्वयं चलने लगता है. आपको बता दें कि कुछ दिन पहले 'इंडिया' गठबंधन के सांसद रकफ और कथित ह्यह्यवोट चोरी'' के खिलाफ संसद भवन से चुनाव आयोग दफ्तर तक मार्च निकाला था.जब मार्च करते हुए सांसदों को रोका गया था

# कांग्रेस नेता ने आरएसएस को बताया इंडियन तालिबान

**बीजेपी बोली- कांग्रेस हर राष्ट्रवादी संगठन को गाली देती है, उसे सिर्फ पीएफआई सिमी जैसे संगठनों से प्यार**

एजेंसी

नई दिल्ली ,वरिष्ठ कांग्रेस नेता बीके हरिप्रसाद के आरएसएस को तालीबान कहने के बयान पर बीजेपी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस हर राष्ट्रवादी संगठन को गाली देती है और पीएफआई व सिमी जैसे प्रतिबंधित कट्टरपंथी संगठनों से प्यार करती है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस की मानसिकता तालिबानी है। महात्मा गांधी और जयप्रकाश नारायण ने आरएसएस की प्रशंसा क्यों की (पूर्व राष्ट्रपति और कांग्रेस के दिग्गज नेता) दिवंगत प्रणब मुखर्जी आरएसएस मुख्यालय क्यों गए थे? मैं फरर की तुलना तालिबान से ही करूंगाः बीके पूर्व सांसद बीके हरिप्रसाद ने शनिवार



को समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए, स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में आरएसएस की तारीफ करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की। उन्होंने कहा- वे (आरएसएस) देश में शांति भंग करने की कोशिश कर रहे हैं। मैं आरएसएस की तुलना तालिबान से ही करूंगा, वे भारतीय तालिबान हैं और प्रधानमंत्री लाल किले से उनकी सराहना कर रहे हैं। आजादी की लड़ाई में नहीं है आरएसएस का योगदान पूर्व राज्यसभा सांसद ने कहा- क्या कोई संघी था, जिसने आजादी की लड़ाई में हिस्सा लिया था? यह शर्म की बात है कि आरएसएस एक पंजीकृत संगठन नहीं है।

# उपराष्ट्रपति चुनाव- सीपी राधाकृष्णन एनडीए के उम्मीदवार होंगे

## नड्डा ने ऐलान किया, अभी महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं; 21 अगस्त को नॉमिनेशन करेंगे

**उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितंबर को वोटिंग होगी। उसी दिन काउंटिंग भी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है।**

एजेंसी

नई दिल्ली, महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की बैठक में इस पर सहमति बनी। नड्डा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसका ऐलान किया। राधाकृष्णन 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेगा। इस दौरान एनडीए शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। दरअसल, जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त




2027 तक था।

### संसद में एनडीए के पास बहुमत

लोकसभा में कुल सांसदों की संख्या 542 है। एक सीट खाली है। एनडीए के 293 सांसद हैं। इसी तरह राज्यसभा में 245 सांसद हैं। 5 सीट खाली हैं। एनडीए के पास एक129 सांसद हैं। यह मानते हुए कि उपराष्ट्रपति के लिए नामांकित सदस्य भी एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करेंगे। इस प्रकार, सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन को कुल 422 सदस्यों का समर्थन हासिल है। बहुमत के लिए 391 सांसदों के समर्थन की जरूरत है। अगस्त 2022 में एनडीए उम्मीदवार जगदीप धनखड़ को 528 वोट मिले थे। वहीं, विपक्षी उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को सिर्फ 182 वोट मिले थे। तब 56 सांसदों ने वोट नहीं डाला था।

### भाजपा की तरफ से थावरचंद गहलोत सबसे प्रबल दावेदार

भाजपा इस पद के लिए अपनी विचारधारा के प्रति समर्पित कार्यकर्ता को उम्मीदवार बना सकती है। फिलहाल जिन नामों पर पार्टी में विचार चल रहा है, उनमें कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत सबसे प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। दूसरा नाम सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर का भी है।

## संक्षेप

### सर्पदंश से महिला की मौत

**चारपाई से उतरते समय सांप ने डसा, अस्पताल ले जाते वक्त तोड़ा दम**

सुलतानपुर, जिले के बल्दीराय थाना क्षेत्र के देवरा गांव में एक दुखद घटना सामने आई। 45 वर्षीय महिला को सांप ने डस लिया। महिला की पहचान रामदुलारी के रूप में हुई है। वह रामदास शर्मा की पत्नी थीं। रामदुलारी जब अपनी चारपाई से उतर रही थीं, तभी वहां मौजूद सांप ने उन्हें डस लिया। परिजन तुरंत उन्हें जिला अस्पताल, अयोध्या ले गए। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्रामीणों में सांपों के खतरे को लेकर सतर्कता बरतने की चर्चा हो रही है।

### सौरमऊ के शिव मंदिर में चोरी

**दानपात्र समेत पूजन सामग्री गायब, तीसरी बार हुई वारदात**

सुलतानपुर, कोतवाली देहात क्षेत्र में सौरमऊ बाईपास स्थित शिव मंदिर में चोरी की वारदात सामने आई है। मंदिर के पुजारी रवि उपाध्याय जब मंदिर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि मंदिर के दोनों ताले टूटे हुए थे और जंजीर बाहर फेंकी हुई थी। चोरों ने आरती के चढ़ावे से 300 रुपये और प्रसाद चुराया। पूजन सामग्री को मंदिर के बाहर फेंक दिया गया। मंदिर के कुएं पर लगा जाल भी तोड़ दिया गया। पुजारी ने बताया कि इस तरह की घटना पहले भी दो बार हो चुकी है। हर बार डायल 112 को सूचना दी गई। पुजारी ने शिकायत में बताया कि मंदिर के आसपास एकांत में नशाखोरी करने वालों का जमावड़ा लगा रहता है। इसकी सूचना कई बार पुलिस को दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। रामदयाल शुक्ला एडवोकेट, धनंजय सिंह, विजय सिंह, हरिशंकर यादव प्रधान समेत कई लोगों ने चोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। देहात कोतवाल अखंडदेव ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### कूरेभार बाजार में सब्जियों के दाम आसमान पर

**टमाटर 80 और परवल 100 रुपये किलो, बारिश से आपूर्ति प्रभावित**

सुलतानपुर, कूरेभार बाजार में सब्जियों की कीमतों ने आम उपभोक्ताओं की जेब पर भारी बोझ डाल दिया है। टमाटर 70 से 80 रुपये किलो और परवल 100 रुपये प्रति किलो से अधिक बिक रहा है। लगातार हो रही बारिश के कारण हरी सब्जियों की आपूर्ति प्रभावित हुई है। इससे कीमतों में तेजी से वृद्धि हुई है। लोकी, कद्दू और भिंडी की कीमतें भी 40 रुपये किलो के आसपास पहुंच गई हैं। स्थानीय निवासी अनिल कुमार, राधेश्याम, मालती देवी और सफीना ने बताया कि टमाटर और परवल अब उनकी रोजमर्रा की थाली से गायब हो गए हैं।

# रेलवे अस्पताल में नई सुविधाएं

**महाप्रबंधक ने नई लिफ्ट और एनेस्थेसिया वर्क स्टेशन का उद्घाटन किया**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक उपेंद्र चंद्र जोशी एवं उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा चेतना जोशी ने केंद्रीय चिकित्सालय, प्रयागराज का दौरा किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक जे. एस. लाकरा, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. हिमांशु मंडल, मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज सहित सभी विभागाध्यक्ष और मंडलीय स्तर के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। दौरे के दौरान महाप्रबंधक जोशी ने केंद्रीय चिकित्सालय में नवनिर्मित लिफ्ट का उद्घाटन किया। साथ ही, शल्य चिकित्सा कक्ष में स्थापित नवीनतम तकनीक से युक्त एनेस्थेसिया वर्क स्टेशन का भी शुभारंभ किया। इस मशीन के उपयोग से ऑपरेशन थिएटर में शल्य क्रियाओं को और अधिक सुरक्षित, सटीक एवं सहज बनाने में मदद मिलेगी। इस मौके पर केंद्रीय चिकित्सालय के चिकित्सा निदेशक डॉ. एस. के. हंडू ने महाप्रबंधक के समक्ष अस्पताल की अब तक की प्रमुख उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने चिकित्सालय द्वारा मरीजों को दी जा रही आधुनिक चिकित्सा सेवाओं की जानकारी भी दी। इसके पश्चात सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में महाप्रबंधक जोशी ने अपने संबोधन में चिकित्सा विभाग की सराहना करते हुए कहा कि कुंभ मेले में रेलवे चिकित्सा विभाग का योगदान सराहनीय रहा है। उन्होंने चिकित्सालय में और अधिक सुविधाएं बढ़ाने के सुझाव भी दिए ताकि रेलवे कर्मचारियों एवं आमजन को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। डॉ हिमांशु मंडल ने इस अवसर पर महाप्रबंधक का मार्गदर्शन और सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन पर सीएमएस डॉ. सुरेंद्र कुमार नाथ ने धन्यवाद प्रस्ताव रखते हुए समारोह में शामिल सभी अतिथियों और उपस्थितजनों के प्रति आभार प्रकट किया।

# स्ट्रीट डॉग के समर्थन में लोगों का प्रदर्शन

**कहा- बेजुबानों को इंसाफ दो, हर डॉग खतरनाक नहीं होता**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रयागराज, स्ट्रीट डॉग के समर्थन में सामाजिक संगठन 'रक्षा' नें प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का उद्देश्य बेजुबान जानवरों की सुरक्षा और उनके प्रति संवेदनशीलता का संदेश देना था। यह प्रदर्शन प्रयागराज के प्रमुख सुभाष चौराहे से शुरू हुआ, जहां शहर के विभिन्न हिस्सों से आए पशु प्रेमी (एनिमल लवर्स) इकट्ठा हुए। रैली की शक्ल में शुरू हुआ यह प्रदर्शन सुभाष चौराहे से निकल कर धरना स्थल तक पहुंचा, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं, बच्चों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। सभी के हाथों में बैनर, पोस्टर और प्लेकार्ड थे जिन पर 'बेजुबानों को इंसाफ दो', 'कुत्ते भी इस धरती के निवासी हैं', और 'हर कुत्ता खतरनाक नहीं होता' जैसे संदेश लिखे थे। रक्षा एनजीओ की संचालिका वंशिका गुप्ता ने प्रदर्शन स्थल पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, हम लोग आज यहाँ इसलिए इकट्ठा हुए हैं क्योंकि इन बेजुबान जानवरों के खिलाफ जो मुहिम चलाई जा रही है, वो न केवल अमानवीय है बल्कि कानून और नैतिकता के भी खिलाफ है। सभी कुत्ते न तो काटते हैं और न ही हर कुत्ते को रैबीज होता है। बहुत से कुत्ते वैक्सीनेटेड होते हैं और कई की नसबंदी भी हो चुकी है। ऐसे में वे समाज के लिए किसी भी प्रकार का खतरा नहीं हैं, जब तक कि उन्हें छेड़ा न जाए। वंशिका ने आगे कहा, हमारी केवल इतनी सी मांग है कि सुप्रीम कोर्ट जो भी फैसला सुनाए, वह इन बेजुबानों के अधिकारों को ध्यान में रखते हुए हो। हमें पूरी उम्मीद है कि कोर्ट इंसाफ और करुणा की भावना के साथ इन जानवरों के पक्ष में निर्णय देगा। यह प्रदर्शन न केवल प्रयागराज बल्कि पूरे देश में चल रहे ऐसे ही मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित करने का प्रयास था। यह दिखाता है

कि समाज का एक वर्ग इन बेजुबान जीवों के लिए गंभीर रूप से चिंतित है और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सामने आ रहा है।

# ट्रेलर ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर



**सवार की मौत, ग्रामीणों ने 3 किमी पीछा कर चालक को पकड़ा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के रायबरेली रोड पर सरेसर गांव के पास एक गंभीर सड़क हादसा हुआ। एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने ई-रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा पर सवार गड़ेहरी निवासी पवन कुमार सड़क पर गिर गए। ट्रेलर ने उन्हें कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। ट्रेलर चालक ने भागने से पहले एक और ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ट्रेलर का पीछा किया।

लगभग 3 किलोमीटर की दौड़ के बाद उन्होंने चालक को गाड़ी समेत पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रेलर चालक को हिरासत में ले लिया और वाहन को अपने कब्जे में कर लिया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एक ई-रिक्शा चालक ने घटना का विवरण देते हुए बताया कि तेज रफ्तार ट्रेलर ने पहले एक ई-रिक्शा को टक्कर मारी।

# विहिप का 59वां स्थापना दिवस

**सुंदरकांड पाठ और भंडारे के साथ मनाया गया समारोह, लोग रहे मौजूद**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




सुलतानपुर, कादीपुर के सरस्वती शिशु मंदिर झारखंड में विश्व हिंदू परिषद ने सुंदरकांड पाठ और भंडारे के साथ अपना स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहविभाग संघ चालक डॉक्टर हृदय राम यादव ने विहिप के इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विश्व के हिंदुओं को संगठित और सुरक्षित करने के लिए अगस्त 1964 में मुंबई के सांदीपनी साधनाशाला में विहिप की स्थापना हुई। यह सम्मेलन आरएसएस के द्वितीय सरसंघचालक एमएस गोलवलकर ने बुलाया था। स्वामी चिन्मयानंद, मास्टर तारा सिंह और एस एस आप्टे इसके प्रमुख संस्थापक थे। कादीपुर नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल ने बताया कि विहिप का वर्तमान स्वरूप 1966 के प्रयाग कुंभ मेले में आयोजित विश्व हिंदू सम्मेलन में तय हुआ। संगठन का मुख्य लक्ष्य हिंदू समाज को मजबूत करना है। साथ ही हिंदू जीवन दर्शन और अध्यात्म की रक्षा, संवर्धन और प्रचार करना है। विदेश में रहने वाले हिंदुओं और हिंदुत्व की रक्षा भी इसका प्रमुख उद्देश्य है। कार्यक्रम में जिला संगठन मंत्री चंदन, जिला उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह, संतोष कुमार पांडे, जिला मंत्री सच्चिदानंद और सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य अशोक कुमार उपाध्याय, जिला सत्संग प्रमुख राहुल पांडे, मंदिर अर्चक पुरोहित राजेंद्र सोनी, अंजनी पांडे, प्रखंड अध्यक्ष हेमंत शर्मा, विपिन सिंह, अवनीश सिंह, विजय श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, ध्रुव श्याम सिंह, चित्रसेन सिंह, राहुल,पवन जायसवाल, विनोद सिंह,विकास तिवारी, अंश सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बिजली की लाइन से 5 बंदरों की मौत



**अमेठी में हाईटेंशन से एक सप्ताह में कई हादसे, ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी तहसील, रामनगर गांव में बिजली विभाग की लापरवाही से जानवरों की मौत का सिलसिला जारी है। गांव के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन एक सप्ताह में पांच बंदरों की जान ले चुकी है। एक बंदर पेड़ से कूदकर हाइवोल्टेज लाइन से टकरा गया। करंट लगने से बंदर तार में चिपक गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इससे पहले चार अन्य बंदरों की भी इसी लाइन से मौत हो चुकी है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग को कई बार शिकायत की। लेकिन कोई अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। न तो जांच हुई और न ही कोई कार्रवाई की गई। ग्रामीणों का कहना है कि समय पर लाइन की मरम्मत होती तो जानवरों की जान नहीं जाती। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है उन्होंने प्रशासन से जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उचित कदम उठाने की मांग की है।

# जमीनी विवाद पर हिंसक झड़प

**नाली निर्माण को लेकर दो पक्षों में मारपीट, एक घायल; तीन गिरफ्तार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, मुंशीगंज थाना क्षेत्र के मौजी का पुरवा पश्चिम दुआरा गांव में नाली निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। राजनाथ तिवारी की दीवार से सटाकर सौरभ तिवारी और उनके परिजन नाली बना रहे थे। विरोध करने पर सौरभ तिवारी, अनिल तिवारी, हरीश तिवारी, अभिषेक तिवारी और श्री प्रकाश समेत कई लोगों ने राजनाथ पर हमला कर दिया। हमलावरों ने लाठी-डंडे और धारदार हथियारों से राजनाथ पर वार किया। इस हमले में राजनाथ के हाथ, चेहरे और कान में चोटें आईं।

उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में विपक्षी ईंट-पत्थर फेंकते दिख रहे हैं। एक व्यक्ति के हाथ में अवैध हथियार भी नजर आ रहा है। मुंशीगंज थाना प्रभारी शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि राजनाथ की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आमरण अनशन पर बैठे दो छात्रों की हालत बिगड़ी

**एएमयू में धरने पर बैठे थे, मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों से चेकअप कराने को मना किया**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, मुस्लिम यूनिवर्सिटी में भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों को अब 60 घंटे से ज्यादा समय हो चुका है। यूनिवर्सिटी में छात्र संघ चुनाव कराए जाने की मांग को लेकर छात्र लगातार आमरण अनशन कर रहे हैं। सभी छात्र बाब-ए-सैयद गेट पर धरना लगाकर बैठे हुए हैं। वहीं धरने पर बैठे दो छात्रों की देर रात को तभीयत खराब हो गई। जिसके बाद डॉक्टरों की चिकित्सीय टीम उनकी जांच करने के लिए पहुंची। मलखान सिंह जिला अस्पताल के मेडिकल ऑफीसर ने छात्रों का मेडिकल परीक्षण किया और फिर उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी है। एएमयू में पिछले 15 दिनों से छात्रों का आंदोलन चल रहा है। फीस वृद्धि के विरोध में शुरू हुआ यह प्रदर्शन अब भूख हड़ताल में बदल चुका है। एएमयू ने फीस वृद्धि तो वापस ले ली है और इसे अधिकतम 20 प्रतिशत ही कर दिया है। लेकिन छात्र अब चुनाव की मांग कर रहे हैं। छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर बाब-ए-सैयद गेट पर 15 अगस्त शाम 5 बजे से छात्र-छात्राएं भूख हड़ताल पर बैठे हुए हैं। इसमें से एलएलबी के दो छात्र रेयान और कैफ हसन भी आमरण अनशन कर रहे हैं। शनिवार देर रात को इनकी तभीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद चिकित्सीय टीम मौके पर पहुंची थी। छात्रों की तभीयत खराब होने की सूचना मिलने पर एएमयू के जेएन मेडिकल कालेज की टीम मौके पर पहुंची। लेकिन धरने पर बैठे छात्रों ने मेडिकल कालेज की टीम को वापस लौटा दिया। उनका कहना था कि हमें यूनवर्सिटी की टीम पर भरोसा नहीं है और उनसे जांच नहीं कराएंगे। जिसके बाद छात्रों ने प्रशासन की मदद ली। प्रशासन की ओर से मलखान सिंह जिला अस्पताल की टीम मौके पर पहुंची और उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया। टीम ने दोनों छात्र रिहान और कैफ हसन को तत्काल अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी। लेकिन उन्होंने धरना स्थल पर ही उनका इलाज करने की बात कही। छात्रों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, उनका धरना और आमरण अनशन जारी रहेगा।

# दिव्यांग बच्चों की शिक्षा को लेकर विशेष प्रशिक्षण

**अमेठी में 150 टीचरों ने ट्रेनिंग दी; 30 दिव्यांग भी हुए शामिल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, मुसाफिरखाना स्थित आदर्श सेवा समिति में तीन दिवसीय सतत पुनर्वास कार्यक्रम संपन्न हुआ। सामाजिक न्याय-अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से 150 अध्यापकों ने हिस्सा लिया। इनमें 30 दिव्यांग प्रशिक्षणार्थी भी शामिल थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शिक्षा से जोड़ना था। प्रशिक्षण में अध्यापकों को बताया गया कि किस प्रकार की शिक्षण सामग्री का प्रयोग करें। इससे दिव्यांग बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बनी रहे। संस्थान के अध्यक्ष विजय शंकर तिवारी ने समापन समारोह में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर को-ऑर्डिनेटर राज किशोर यादव, मनोज कुमार, मुकेश कुमार, सुरेश कुमार, रोहिताश कुमार और संतोष दुर्गेश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# चोरी का आरोप लगाकर युवक की पिटाई

**थर्ड डिग्री दिया, 4 लोगों ने राड से किया हमला, मोबाइल छीना; पीड़ित का मेडिकल कराया**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




सुलतानपुर, कोतवाली नगर में एक युवक को चोरी का आरोप लगाकर बुरी तरह पीटने का मामला सामने आया है। पलटन बाजार माहदेव कालोनी निवासी शबाना बेगम ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। मुनव्वर राना और तहव्वर राना ने शबाना के बेटे मोहम्मद अरशद को बुलाया। दोनों आरोपियों ने अरशद को गिराकर राड से मारपीट की। इस दौरान दो अन्य लोग भी मौजूद थे। आरोपियों ने अरशद पर चोरी का आरोप लगाया और उसे पीटा। मारपीट के दौरान अरशद का मोबाइल मौके पर गिर गया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। मुनव्वर और अफरोज का लाल डिग्गी पर गाड़ी धुलाई का सर्विस सेंटर है। साथ ही पल्टन बाजार में मेडिकल स्टोर भी है। कोतवाली प्रभारी धीरज कुमार के अनुसार तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित का मेडिकल परीक्षण करवाया गया है।

# बांके बिहारी के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

**हुई मंगला आरती, साल में एक ही बार होती; इसके पीछे की वजह जानिए**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान बांके बिहारी जी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्त अपने आराध्य की एक झलक पाने को आतुर नजर आए। अभिषेक के बाद भगवान बांके बिहारी की मंगला आरती की गई। आरती के दौरान कोर्ट द्वारा दिए गए निदेशों का पालन कराने के लिए पुलिस को जद्दोजहद करनी पड़ी। बांके बिहारी मंदिर में वर्ष में एक बार मंगला आरती होती है। भगवान बांके बिहारी की रात 2 बजे होने वाली इस मंगला आरती के लिए भक्त वर्ष भर इंतजार करते हैं। लेकिन दो वर्ष से कोर्ट द्वारा जारी किए गए निदेशों की वजह से निर्धारित संख्या में ही श्रद्धालु आरती के दौरान मौजूद रहते हैं। विश्व विख्यात भगवान बांके बिहारी जी महाराज के मंदिर में मात्र श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की रात में ही मंगला आरती दर्शन क्यों होते हैं। इसका कारण सेवायत प्रहलाद बल्लभ गोस्वामी ने बताया कि अन्य मंदिर-देवस्थानों से अलग यहां ठाकुर जी को सुबह देर तक व पुनः पूरी दोपहरी आराम कराते हैं। सिरहाने पर लड्डू भोग, पानवीरी व जलपात्र रखते हैं, कि ना जाने कब आराध्य की इच्छा हो जाए। इस अनूठी भाव सेवा के तहत यहां घंटे-घड़ियाल-शंख आदि बजाना तो दूर रहा, ताली तक बजाना वर्जित है।


स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी